जबलपुर, मंगलवार
24 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 267
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जिस दिन आप अपनी विफलताओं से सीखना बंद कर देते हैं, उस दिन आपकी प्रगति अवरुद्ध हो जाती है।'

2 पुलसिया धौंस पर न्यू बरौधा में ...
5 कारीगरों के हाथों की मेहनत से ही ...
7 अमेरिका के लिए नहीं बचा रास्ता...
11 हमने जो कहा, पूरा करके दिखाया ...

# होर्मुज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं : मोदी

## पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर प्रधानमंत्री ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया



नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में युद्ध को लेकर देश का स्टेंड पर भी बात की। उन्होंने कहा तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होर्मुज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। उन्होंने कहा- पिछले एक दशक में भारत ने संकट के समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। इसे बढ़ाकर 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक करने का काम चल रहा है। हमारी तेल कंपनियां अलग स्टोरेज रखती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है यही हमारी ताकत है।

### पावर सप्लाई की भी चुनौती

युद्ध का एक चैलेंज पावर सप्लाई भी है कि देश में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बिजली की डिमांड बढ़ती जाएगी। देश के पावर प्लांट में कोल स्टॉक उपलब्ध है। पावर जनरेशन से लेकर सप्लाई तक हर सिस्टम की मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है। ग्लोबल नीड को पूरा करने वाला सोर्स वेस्ट एशिया है। भारत पर इस युद्ध से उत्पन्न दुष्प्रभाव का असर कम हो इसके लिए एक रणनीति से काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने एक ग्रुप बनाया है जो हर रोज मिलता है जो आयात-निर्यात में आने वाली दिक्कतों पर निरंतर काम करता है।

## गुरुग्राम में खुला देश का पहला एलपीजी एटीएम

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम के भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने देश का पहला एलपीजी एटीएम यानि गैस वेंडिंग मशीन शुरू की है। इसे भारत गैस इंस्टा एलपीजी नाम दिया गया है। यह पहला स्वचालित सिस्टम है, जो 24 घंटे खुला रहता है। इसमें आपको 2 से 3 मिनट में ही सिलेंडर उपलब्ध हो जाता है। बता दें कि अमरेरिका-इजराइल और इरान के बीच चल रही जंग की वजह से देशभर में सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई है। ऐसे में गुरुग्राम में लगाया गया यह एलपीजी एटीएम बड़ी राहत लेकर आया है।

## कोल्ड स्टोरेज ढहने से 4 लोगों की मौत

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। गंगापार के फाफामऊ इलाके में एक कोल्ड स्टोरेज ढह गया। इसके मलबे में मजदूर समेत कई लोग दब गए। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दर्नाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 12 घायल मजदूरों का मेडिकल कॉलेज के एसआरएन और तेज बहादुर सप्रू बेली अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद का बताया जा रहा है।

## 'आप' के पूर्व मंत्री गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस में आम आदमी पार्टी सरकार के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमृतसर के डीसीपी रविंदर पाल ने कहा कि उन्होंने फतेहगढ़ साहब पुलिस की मदद से लालजीत सिंह भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने कहा- भुल्लर को कल कोर्ट में पेश करेंगे। भुल्लर को लेकर पुलिस अमृतसर रवाना हो गई है।

## आलोक सिंह इंडिगो के मुख्य रणनीतिक अधिकारी नियुक्त

**नई दिल्ली (वार्ता)।** देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीतिक अधिकारी नियुक्त किया है। इंडिगो के निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की गयी। एयरलाइंस ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि श्री सिंह पर दीर्घकालीन रणनीति बनाने और कंपनी के विकास को बढ़ावा देने, परिचालन दक्षता बेहतर बनाने तथा देश के तेजी से बदलते विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में इंडिगो को आगे रखने की जिम्मेदारी होगी।

## राहुल गांधी ने बीजेपी-आरएसएस पर लगाए आरोप

# विकास के नाम पर छीन ली गई आदिवासियों की जमीनें



वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई आरोप लगाए और बताया कि मोदी आदिवासियों के हितों की परवाह नहीं करते। राहुल गांधी ने 'आदिवासी' शब्द का गहरा अर्थ समझाते हुए कहा कि 'अगर कोई 5000 साल पहले यहां आता, तो सारी जमीन आदिवासियों के नाम होती। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे आदिवासियों को हटाया गया और अब 21वीं सदी में उनके लिए नया शब्द सामने आया है।' राहुल गांधी ने कहा आरएसएस और बीजेपी का शब्द है वनवासी। मतलब आप ओरिजिनल मालिक नहीं। ये देश आपका था पर ओरिजिनल मालिक कोई और था। अगर आप आदिवासी हो तो इस देश का आप पर कर्ज है। आपकी जमीन, जंगल आपसे छीना गया। लेकिन वनवासी मतलब आप कुछ नहीं। राहुल गांधी ने कहा, मोदीजी बिरसा मुंडा, अम्बेडकर, गांधीजी मूर्ति के आगे हाथ जोड़ते हैं लेकिन उन्होंने जो कहा उसकी रक्षा नहीं करते। जब आपको वनवासी कहकर जमीन छीनकर अडानी को देते हैं तो संविधान पर नहीं, बिरसा मुंडा पर आक्रमण है। अब तो आजकल फैशन बन चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि जब भी विकास की बात आती है, सीधा आदिवासी की जमीन छीन लेते हैं। स्टैच्यू, माइन के लिए आदिवासी की जमीन छीनकर मुआवजा भी मत दो। मैं जाति जनगणना की बात करता हूं तो आरएसएस, मोदी और बीजेपी मुझ पर आक्रमण करती हैं। लेकिन इसका मतलब देश जनता है। इस देश में 10 प्रतिशत आदिवासी, 15 प्रतिशत दलित, 50 प्रतिशत ओबीसी हैं। राहुल ने कहा कि प्राइवेटाइजेशन का मतलब है चुने हुए 5-7 लोगों का फायदा। पहले पब्लिक सेक्टर था उसमें आदिवासी दलित जा सकते थे। अब अडानी की लिस्ट खोलो, एक आदिवासी नहीं मिलेगा। ब्यूरोक्रेट में भी आदिवासी नहीं मिलेंगे।

### दलित, पिछड़े वर्ग की कितनी हिस्सेदारी

राहुल ने कहा, आपको देश का एक आदिवासी नहीं मिलेगा, लेकिन अडानी जैसों का रोज कर्जा माफ करते जा रहे हैं। तेलंगाना में हमने जातिगत जनगणना कर दी है। देश की संस्था, ब्यूरोक्रेसी, कॉरपोरेट्स में कितनी हिस्सेदारी है ये मुख्य सवाल है। दलित, पिछड़े वर्ग की कितनी हिस्सेदारी है। क्या 10 प्रतिशत भी है? लंबे भाषण होते हैं, बिरसा मुंडाजी की मूर्ति के सामने हाथ जोड़ते हैं लेकिन पावर और धन देने के समय चुप हो जाते हैं। कांग्रेस ने मनरेगा दिया। राहुल गांधी ने कहा, मुझे केरल में एक शख्स ने कहा, आदिवासियों को जो फ्री मिलता है ये कब बंद होगा। मैंने कहा जब अडानी का बंद होगा तब इनका भी होगा।

### शिक्षा क्षेत्र में आरएसएस के लोग

राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा में आज वाइस चांसलर की लिस्ट निकालो, सिर्फ़ आरएसएस के लोग हैं। उन्हें शिक्षा के बारे में कुछ नहीं पता। बस आरएसएस के हैं तो वाइस चांसलर बन रहे हैं। हिंदुस्तान की सारी संस्थाओं में ये हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी हो तो कहोगे कि हमारा जल, जंगल कैसे ले रहे हो। तभी ये चाहते हैं कि वनवासी बनो, अपना हक मत मांगो। जंगल में रहो और बाद में मज़दूरी करो, पर ये हम नहीं चाहते। राहुल गांधी ने कहा, हम चाहते हैं कि सबको बराबर जगह मिले। सीईओ की लिस्ट निकले तो आदिवासी नाम दिखे, ऐसा भविष्य चाहिए, यही लड़ाई है। मेरे दिल में, परिवार के दिल में और कांग्रेस पार्टी में आपके लिए प्यार, मोहब्बत और जगह है। आपने कहा कि आदिवासी इलाकों में यात्रा करनी चाहिए, इसके बारे में सोचेंगे।

### सरकार के फैसले से बर्बाद होंगे किसान

राहुल ने आगे कहा देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है, ईरान में युद्ध हो रहा है, पीएम ने सुना है कि कुछ मिनट का भाषण किया। आप देखिए, अमेरिका के साथ इन्होंने डील किया। पहली बार पीएम ने कृषि का सेक्टर खोल दिया। हमारे यहां छोटे खेत हैं, अमेरिका में बड़े खेत हैं। लेकिन सरकार के फैसले से हमारे किसान बर्बाद होंगे। दाल, सोयाबीन, फल, कपास ये सब खोल दिया। जिसके पास आज डेटा है उसकी प्रगति होगी, राहुल ने आरोप लगाया कि पूरा देश का डेटा मोदी ने अमेरिका को दे दिया। अमेरिका का टैक्स जीरो और हमारा पहले से ज़्यादा कर दिया। पीएम ने ट्रंप से कहा, हक आपसे पूछे बगैर तेल और नेचुरल गैस नहीं खरीदेंगे। जो आप हुक्म करेंगे हम पूरा करेंगे। राहुल गांधी ने कहा, ट्रंप ने मोदी को कंट्रोल कर रखा है।

## पश्चिम एशिया संकट: निर्यात पर शुल्क में छूट की पुरानी दरें बहाल



नई दिल्ली (वार्ता)

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निर्यातकों की मदद के लिए निर्यात माल को शुल्कों और करों से छूट देने की योजना- आरओडीटीईपी के अंतर्गत पुरानी दरों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय किया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है जो विदेश व्यापार महानिदेशालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस फैसले से शुल्क और करों में छूट की गत 22 फरवरी तक लागू दरें और मूल्य सीमा पुनः प्रभावी हो गयी हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के कारण समुद्री लॉजिस्टिक्स में चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं, जिनमें मार्ग और पारगमन पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं। इनका प्रभाव इस क्षेत्र में या इसके माध्यम से जाने वाले निर्यात माल के लिए लॉजिस्टिक्स लागत और जहाज से माल भेजने के कार्यक्रम पर पड़ा है। विज्ञप्ति में कहा गया है, बदलती भूराजनीतिक स्थिति और समुद्री व्यापार पर इसके प्रभावों को देखते हुए, सरकार ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत सभी पात्र निर्यात उत्पादों के लिए दरों और मूल्य सीमाओं को 23 मार्च, 2026 से बहाल करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा है कि बहाल की गई दरें वही होंगी जो 22 फरवरी, 2026 को लागू थीं और इसके लिए अधिसूचना संख्या 60/2025-26 दिनांक 23 फरवरी, 2026 के माध्यम से लगाई गई 50 प्रतिशत की पूर्व की पाबंदी वापस ले ली जाएगी।

## भारतीय सेना श्रीलंका के चिलाव में बना रही 240 फीट लंबा पुल

नई दिल्ली (वार्ता)

भारतीय सेना ने श्रीलंका में क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोलंबो से लगभग 70 किलोमीटर उत्तर में चिलाव में 240 फीट लंबे एक पुल का सफलतापूर्वक निर्माण और शुभारंभ किया है। यह परियोजना ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारतीय सेना द्वारा निर्मित इस तरह का चौथा पुल है। नवनिर्मित पुल कोलंबो और पुट्टलम के बीच संपर्क को मजबूत करता है। इसके संचालन से तटीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के लचीलेपन को मजबूत करते हुए लोगों और सामानों की आवाजाही में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। अपने मॉड्यूलर डिजाइन और तेजी से निर्मित हो जाने के लिए जाने वाले बेली ब्रिज दुनिया भर के सशस्त्र बलों द्वारा आपातकालीन और अस्थायी संपर्क के लिए उपयोग किए जाते रहे हैं। भारतीय सेना के पास मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशनों के हिस्से के रूप में भारत के भीतर और मित्र विदेशी देशों में ऐसे पुलों को तैनात करने का व्यापक अनुभव है। जनसूचना अतिरिक्त महानिदेशालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारतीय सेना की इंजीनियर टास्क फोर्स ने कोलंबो से 70 किलोमीटर उत्तर में चिलाव में 240 फीट लंबा एक्स्ट्रा वाइड रीइन्फोर्स्ड हाइब्रिड बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह श्रीलंका में ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारतीय सेना द्वारा निर्मित चौथा पुल है। यह पुल महत्वपूर्ण कोलंबो-पुट्टलम के बीच संपर्क को बहाल करता है, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और लचीलेपन में काफी वृद्धि होती है।

# सरकार का कर्तव्य विकास कार्यों को सुगम बनाना है

## सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार



**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें चिंगरीहाटा में मेट्रो की ऑरेंज लाइन के 366 मीटर के हिस्से के निर्माण के लिए लगातार दो सप्ताहांत की रातों में यातायात रोकने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में कोई खामी नहीं पाई गयी और राज्य का रुख परियोजना में देरी करने और उसे रोकने के उद्देश्य से एक अड़ियल रवैये को दर्शाता है। न्यायालय ने कहा कि अस्थायी यातायात प्रतिबंधों से बचने के लिए त्योहारों के सीजन और आगामी चुनावों का हवाला देना अनुचित है और यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिवहन परियोजना को आगे बढ़ाने में अनिच्छा को दर्शाता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों को त्योहारों या आगामी चुनावों के आधार पर रोका नहीं जा सकता है। पीठ ने जोर दिया कि एक लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार का कर्तव्य ऐसे विकास कार्यों को बाधित करने के बजाय सुगम बनाना है, न कि विकास गतिविधियों पर त्योहारों को प्राथमिकता देना। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अदालत एक लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से यह उम्मीद नहीं करती है कि वह इस तरह के विकास कार्य की अनदेखी करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाए। राज्य सरकार को यह बताते हुए कि यह इच्छा का नहीं बल्कि कर्तव्य का सवाल है, पीठ ने कहा कि राज्य विकास की तुलना में त्योहारों को अधिक महत्वपूर्ण मान रहा है। साथ ही पीठ ने सवाल किया कि क्या ऐसी प्राथमिकताएं तब उचित हैं जब एक बड़ी परिवहन परियोजना शामिल हो। आगामी चुनावों के संबंध में दी गई दलील पर न्यायालय ने कहा कि परियोजना आदर्श आचार संहिता लागू होने से काफी पहले शुरू हो गई थी और उस आधार पर इसे रोका नहीं जा सकता। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि ऐसे आधारों का उपयोग आवश्यक सार्वजनिक कार्यों में देरी करने के बहाने के रूप में नहीं किया जा सकता है।

# चुनाव आयोग के दस्तावेज पर बीजेपी की सील!

**गुवाहाटी।** चुनाव आयोग के एक दस्तावेज पर बीजेपी की सील लगी मिली है। सीपीआई (एम) केरल ने इसे चुनावी संस्थाओं की निष्पक्षता के लिए खतरा बताया है। पार्टी का कहना है कि चुनाव आयोग ने जो पत्र राजनीतिक दलों को भेजा, उसके साथ लगे एफिडेविट पर बीजेपी की सील थी। यह सिर्फ संयोग नहीं है और इससे संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस पर सफाई देते हुए इसे क्लेरिकल एरर बताया है। उनका कहना है कि बीजेपी केरल यूनिट ने 2019 की गाइडलाइन की एक कॉपी दी थी, जिस पर पहले से पार्टी का सील लगी थी। यही कॉपी गलती से दूसरी पार्टियों को भेज दी गई। सीईओ कार्यालय ने बताया कि जैसे ही गलती का पता चला, 21 मार्च को उस दस्तावेज को वापस ले लिया गया। इसकी जानकारी सभी राजनीतिक दलों और अधिकारियों को दे दी गई।

### सीपीआई (एम) बोली- यह निष्पक्षता पर सवाल




# 12 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स के 58% डीए को मंजूरी

## गेस्ट फैकल्टी का वेतन भी डबल, फोर्स में भर्ती होंगे 4000 ओबीसी छात्र



भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ाने का फैसला किया है। इसके साथ ही मोहन कैबिनेट ने ओबीसी युवाओं के लिए 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026' को मंजूरी दी है, जिसके तहत हर साल 4000 युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी कराई जाएगी। साथ ही दिव्यांग संस्थानों में अतिथि शिक्षकों का मानदेय 9000 रुपए से बढ़ाकर 18000 रुपए करने का फैसला लिया गया है। सरकार के फैसले के बाद डीए 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल के वेतन के साथ देने का निर्णय लिया गया है। डीए बढ़ने से हर महीने सैलरी में 465 से 4,230 रुपए तक बढ़ोतरी होगी। वहीं कर्मचारियों को 4,185 से 38,070 रुपए तक एरियर मिलेगा। हालांकि, मुख्यमंत्री की घोषणा के 15 दिन बाद भी वित्त विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारी इंतजार में हैं। इस फैसले का लाभ प्रदेश के करीब 12 लाख लोगों को मिलेगा, इनमें 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और 4.50 लाख पेंशनर्स शामिल है। पेंशनर्स को भी 58 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जाएगी। इस फैसले से सरकार पर करीब 2450 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

### एमपी में 'स्टेट एआई मिशन' शुरू होगा

प्रदेश में सुशासन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए 'स्टेट एआई मिशन' शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में इस मिशन की जानकारी मंत्रियों को दी। इस मिशन के जरिए कृषि, स्वास्थ्य, पोषण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में जोखिमों की पहले पहचान कर बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। मिशन को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा- 2026-27: आधारभूत तैयारी। 2027-28: व्यापक क्रियान्वयन। 2028 से शासन में एआई की स्थायी व्यवस्था विकसित।

### ओबीसी युवाओं को फोर्स में भर्ती की तैयारी

कैबिनेट ने ओबीसी वर्ग के युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना को मंजूरी दी। इसके तहत हर साल 4000 युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 महीने का आवासीय प्रशिक्षण रहेगा। इस दौरान युवकों को 1000 रुपए और युवतियों को 1200 रुपए स्टाइपेंड दिया जाएगा।

# पुलसिया धौंस पर न्यू बरौधा में शासकीय जमीन पर हेड कांस्टेबल का अवैध कब्जा

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

इन दिनों ब्यौहारी मे नदी, तालाब और शासकीय पड़ी जमीन को हथियाने मे लोगों की होड़ सी लगी हुई है। प्रशासन की धुलमुल रवैया के चलते इन भू माफियाओ पर ठोस कार्यवाही न होने की वजह से हालात यह है कि लोग किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है और न ही उन्हें किसी प्रकार का प्रशासन का भय है बल्कि धड़ल्ले से निर्माण कार्य करा शासकीय जमीन को कब्जीयाने मे लगे है। सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी ब्यौहारी मे भू माफियाओ पर ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। नगर परिषद ब्यौहारी के वार्ड क्रमांक 09 न्यू बरौधा मे शासकीय जमीन पर खाखी की धौस और रसूख के दम पर सरकारी जमीन को कब्जीयाने का मामला प्रकाश मे आया है। लम्बे समय तक ब्यौहारी थाना मे पदस्थ रहे हेड कांस्टबल रवि वर्मा ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की बाउंड्रीबाल ख़डी की जा रही है। ताज्जुब की बात यह है तहसीलदार ब्यौहारी के मना करने के बाद भी साहब की दबँगई कम होने का नाम नहीं ले रही है।



### साहब के गैर मौजूदगी मे मैडम की निगरानी मे हो रहा निर्माण

सूत्रों का कहना है ज़ब हेड कांस्टबल साहब डियूटी मे होते है तब उनके गैर मौजूदगी मे उनकी पत्नी जो स्वयं सरकारी शिक्षिका है वो ख़डी होकर निर्माण कार्य की कमान संभालती है। एक तरफ पति क़ानून का रखवाला है और दूसरी तरफ पत्नी भविष्य की निर्माता है लेकिन दोनों मिलकर सरकारी सम्पत्ति को अपना बनाने के खेल मे मशगूल है। स्थानीय लोगों ने ज़ब इसका विरोध किया तब उन्हें खाखी का धौस दिखाकर खामोश करने की कोशिश की गयी।

### तहसीलदार के आदेश को ठेंगा

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर ब्यौहारी तहसीलदार राजकुमार रावत और हल्का पटवारी बृजेंद्र मौर्य ने मौका मुयाना करते हुए तहसीलदार ने काम को रोक वाते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं करने को कहा था।

लेकिन क़ानून को अपनी जेब मे रखने वाले इस हेड कांस्टबल ने तहसीलदार के आदेश को ठेंगा दिखा दिया और सरकारी छुट्टियों का फायदा उठाते हुए ज़ब दफ्तर बंद थे तब बड़ी संख्या मे लेबर लगाकर बाउंड्रीबाल का काम तेज कर दिया गया। यह न केवल तहसीलदार के आदेश की अवहेलना है बल्कि सीधे तौर पर प्रशासनिक सत्ता को चुनौती है।

### वर्दी बनी जमीन हड़पने का औजार

अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों मे भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उनकी मांग है कि तत्काल बाउंड्रीबाल को ध्वस्त कर सरकारी जमीन को खाली कराया जाय और कब्जा करने वाले हेड कांस्टबल एवं सहयोगी शिक्षिका उनकी पत्नी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हो जिससे भविष्य मे कोई सरकारी जमीन पर कब्जा करने की हिम्मत न जुटा सके। लोगों का कहना है की ज़ब क़ानून की रक्षा करने वाला वर्दी ही जमीन हड़पने का औजार के रूप मे इस्तेमाल होने लगे तो आम जनता का भरोसा सिस्टम से उठने लगता है।कलेक्टर और एसपी को इस मामले मे जीरो टालरेंस की नीति अपनानी चाहिये।

**इनका कहना है...........**

जानकारी लगने पर पटवारी के साथ मुयाना करने गया था। सरकारी जमीन मे कब्जा किया जाना पाये जाने पर कार्य को बंद करा दिया गया था। यदि काम हो रहा है तो दिखवाता हूँ। निश्चित ही कार्यवाही की जायेगी।

**राजकुमार रावत**
**तहसीलदार ब्यौहारी**



# विधायक से मिले मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ी एवं कोच, जताया आभार

### मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर में बनेगा फुटबाल स्टेडियम

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

विधायक विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर मनीषा सिंह के निवास पहुंचकर मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर के फुटबाल खिलाड़ियो एवं कोचो ने मुलाकात कर ग्राम विचारपुर में 5.10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले फुटबाल स्टेडियम हेतु आभार जताया। विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियो की प्रतिभा निखारने के लिए संकल्पित है। ग्राम विचारपुर में फुटबाल स्टेडियम बनने से यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ियों के जुनून, हुनर और फुटबॉल के प्रति समर्पण से ही च्चमिनी ब्राजीलज्ज के नाम से अपनी पहचान देश एवं विदेश में बनाई है, जो शहडोल जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियो एवं कोचो को उज्जवल भविष्य की कॉमना कर बधाई भी दी।

सहायक संचालक खेल एवं फुटबॉल कोच रईस अहमद ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं कल्याण युवा विभाग के द्वारा मिनी ब्राजील में फुटबॉल स्टेडियम हेतु 5.10 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृति मिली है।

उन्होंने बताया कि इस राशि से फुटबाल मैदान, बाउण्ड्रीबॉल, चेंजिग रूम, आफिशियल रूम, पवेलियन निर्माण जैसे अन्य कार्यों का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर कोच अजय सोंधिया, अनिल सिंह, कुमारी यशोदा सिंह, लक्ष्मी सहीस, सीताराम सहिस शंकर दाहिया, नरेश कुंडे, निलेद्र कुंडे, रहीम खान, सूरज सिंह, शैलेंद्र पारस सिंह एवं ग्रामवासी मौजूद रहें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्ष एवं जल स्त्रोत पूजन, जन-जागरूकता का संदेश



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

अपनी धरती को जल से समृद्ध बनाने एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सोहागपुरके तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल के नेतृत्व में मोहन राम मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर वृक्ष पूजन एवं जल स्त्रोत पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकीर्तन एवं सामूहिक आरती के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही च्च्घर का पानी घर में, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में एवं नदी का पानी रेत में रोकेंज्ज जैसे संदेश देकर जल बचाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पूर्वजों की धरोहरों का वैभव पुन: स्थापित करना है तथा जल संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से प्रदीप सिंह बघेल, सनत त्रिपाठी, विकास गुप्ता, लोकनाथ नामदेव सहित परामर्शदाता साथी जयप्रकाश काछी, शिवम तिवारी, राहुल द्विवेदी, सतीश तिवारी, आकांक्षा तिवारी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

### 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में 100 दिन, 300 दिन और 500 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की



मानीटरिंग करें तथा 31 मार्च के पूर्व इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा, गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने गैस एजेन्सी संचालकों की बैठक लेकर गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा की

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गैस एजेन्सी संचालकों की बैठक लेकर गैस वितरण, गैस सिलेण्डरों की उपलब्धता तथा गैस एजेन्सियों में होने वाली भीड़ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को ऑनलाईन डिमांड करने पर ही गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाएं। गैस सिलेण्डरों की होम डिलेव्हरी की जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर गैस सिलेण्डर विक्रय करने या होम डिलेव्हरी में उपभोक्ताओं से अधिक पैसा लेने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पल्लवी इंडेन गैस एजेन्सी संचालक ने बताया कि वर्तमान में पहले से अधिक गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पूर्व में दैनिक गैस डिलेव्हरी 250 थी जो बढ़कर 300 हो गई है। इसी तरह भारत गैस आद्या गैस एजेन्सी संचालक ने बताया कि उनके एजेन्सी द्वारा 300 गैस सिलेण्डरों का दैनिक वितरण किया जा रहा है।

गैस एजेन्सियों में ऐसे उपभोक्ता जो पहले गैस सिलेण्डर लेने नहीं आते थे वे उपभोक्ता तथा ई-केवायसी कराने वाले उपभोक्ताओं के कारण भीड़ लग जाती है। शासन द्वारा गैस सिलेण्डर प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की क्राईसेस नहीं है।



## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 5 साल की बच्ची की मौत, 6 घायल, तीन जबलपुर रेफर

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बडझर गांव के पास रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार शाम करीब 5ः30 बजे हुआ। कार के अनियंत्रित होते ही वह सीधे पेड़ से टकरा गई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीर घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं मृत बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# मानिकपुर शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, नवोदय में चयन से बढ़ा गौरव

### वत्सला झारिया ने जिले में तीसरा स्थान हासिल कर रचा इतिहास, अंशिका काछी सहित कई छात्र-छात्राओं का चयन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र मानिकपुर स्थित एकीकृत बालक माध्यमिक शाला ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। लगातार उत्कृष्ट परिणाम देकर यह सरकारी विद्यालय क्षेत्र के लिए प्रेरणा का केंद्र बनता जा रहा है।



शिक्षा सत्र 2024-25 में आयोजित नवोदय चयन परीक्षा में लगभग छह हजार विद्यार्थियों में से चयनित प्रतिभागियों की मेरिट सूची में इस विद्यालय की छात्रा वत्सला झारिया ने अनारक्षित वर्ग से चयनित होकर जिले की प्रवीण सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ ही वह अपने विद्यालय से नवोदय में चयनित होने वाली पहली छात्रा बन गई हैं। वत्सला ने कक्षा पांचवीं की वार्षिक परीक्षा में भी संकुल केंद्र में सर्वाधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इसी शाला की छात्रा राधिका झारिया का कक्षा छठवीं तथा छात्र तरुण झारिया का कक्षा नवमी के लिए आवासीय ज्ञानोदय विद्यालय, रांझी (जबलपुर) में चयन हुआ है। वहीं शिक्षा सत्र 2025-26 के नवोदय परीक्षा परिणाम (17 मार्च 2026) में विद्यालय की छात्रा अंशिका काछी का चयन होने से शाला परिवार एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है। संस्था प्रभारी गंगा राम झारिया के मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।विद्यालय की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा संभव है। यही कारण है कि यह शाला आज क्षेत्र में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी है।



## आग का तांडव ! चंद मिनटों में उजड़ गया आशियाना, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले के विकासखंड शहपुरा के ग्राम ढोड़ा बैगा टोला, बिलगड़ा बांध के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तोसल साहू के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तीन मोटर पंपों की सहायता से पानी डालकर आग पर काबू पाया। काफी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका जा सका, जिससे आसपास के अन्य घरों को नुकसान होने से बचा लिया गया।बताया जा रहा है कि आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि घटना के बाद परिवार को भारी नुकसान हुआ है। गांव में घटना के बाद कुछ समय तक दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों की सूझबूझ और सामूहिक प्रयास से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत सहायता देने की मांग की है।

# बजाग में हर सोमवार लगेंगे विशेष स्वास्थ्य शिविर




**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** आकांक्षी विकासखंड बजाग में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशासन ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। एसडीएम बजाग राम बाबू देवांगन के निर्देशन में अब क्षेत्र के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) में प्रत्येक सोमवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस पहल से वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### एक ही स्थान पर जांच और उपचार

विशेष स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविरों के दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ गंभीर बीमारियों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें टीबी (क्षय रोग) की जांच, बीपी और शुगर की स्क्रीनिंग, मौसमी बीमारियों का उपचार दवाओं का वितरण शामिल रहेगा।

# समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डी एवं सी ग्रेड में आने वाले विभागों को



सैनिक कल्याण निधि में निर्धारित राशि जमा करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़कर आय बढ़ाने पर जोर देते हुए एसडीएम एवं तहसीलदारों को पात्र किसानों की सूची तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायतों एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा गांवों में जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। रबी उपार्जन के सत्यापन को लेकर उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया, वहीं नगर परिषद शहपुरा में निर्माणाधीन डिवाइडर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अग्निवीर भर्ती योजना के तहत 1 जून से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पात्र अभ्यर्थियों की आयु 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष निर्धारित की गई है।मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कोयला से खाना बनाने के लिए लोगों के बीच करें प्रचार-प्रसार : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कहा कि इस दिशा में प्रभावी कार्य करें। पिछली बार इस अभियान अंतर्गत जो कार्य अपूर्ण हैए उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्प लाईन व लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में कम प्रगति लाने वाले अधिकारियों से कहा कि संतुष्टिजनक प्रगति नहीं आने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, एसीएस व प्रभारी मंत्री के बैठकों में दिये निर्देशों का पालन प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें और जो भी लंबित है उन पर कार्य करें। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सहयोगी व उप सहयोगी समिति का गठन करने, गौर नदी के पुनर्जीवन, पुस्त क मेला, डॉ भीमराव अम्बेएडकर कामधेनू योजना और हिरण्यनगर्भा अभियान के साथ गौशालाओं के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यिक निर्देश दिये।

***इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा*** – कलेक्टर श्री सिंह ने 23 मार्च से 30 मार्च तक वंदे मातरम अभियान अंतर्गत वंदे मातरम गाते हुए सोशल मीडिया पर सेल्फी अपलोड करना तथा विभागीय वेबसाईट पर भी अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेडमेप के माध्यम से मेन पावर उपलब्ध कराने के लिए कार्यक्रम जारी है अत: इस दिशा में युवा आवेदन कर सकते हैं।

बैठक में राजस्व वसूली, समग्र ई केवायसी, फेसलेस रजिस्ट्री दिव्यांगजनों के चिन्हां लाभांवित करने के लिए शिविर आयोजित करने के साथ वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कोयला से खाना बनाने के प्रचार प्रसार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग अपने ऑफिस को अपडेट रखें और प्रभारी मंत्री की बैठक में दिये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने रबी उपार्जन के संबंध में भी आवश्याक चर्चा की। बैठक में उन्होंने सेवा निवृत्तव्क्तियों के प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित करने के साथ कहा कि कर्मयोगी पोर्टल अंतर्गत चिन्हित विषयों में दस दस कोर्स करें, जिनमें पांच विभागीय हों तथा पांच अन्य विषय से संबंधित कोर्स हों। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस ने चलाया धरपकड़ अभियान

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत) ।** शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी के निर्देशन में जबलपुर पुलिस ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब और हथियार तस्करों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चलाया। इस कार्रवाई के केंद्र में न केवल अपराधी रहे, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वाले भी पुलिस के रडार पर आए। 22 बदमाशों के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया। वाद-विवाद और उपद्रव करने वाले 182 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गयी । गंभीर स्थिति उत्पन्न करने वाले 11 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। आबकारी एक्ट के तहत कुल 32 आरोपियों को दबोचा गया, जिनके पास से 96 पाव देशी-अंग्रेजी शराब और 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इसके साथ ही, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों से धारदार चाकू जब्त कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 2 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया और 32 जमानती वारंट तामील कराए।

# कई दिनों से फटा हुआ लहरा रहा सबसे ऊंचा तिरंगा

## तिलवारा क्षेत्र का मामला, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



तिलवारा स्थित गांधी भवन क्षेत्र में 75 फीट ऊंचाई पर लहरा रहा राष्ट्रीय ध्वज एक तरफ से फट गया है और लगभग 3 दिन से इसी हालत में है। किसी ने सोशल मीडिया पर ध्वज का वीडियो भी अपलोड कर दिया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है और उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र ध्वज बदलने की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान है, जिसका विश्व में गौरवपूर्ण स्थान है। भारत में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता।

***महापौर की पहल पर लगा था तिरंगा***- लोगों का कहना है कि जब नगर प्रशासन और महापौर की पहल पर यह झंडा लगाया गया है, तो उसकी देखरेख और समय-समय पर बदलने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की बनती है। उन्होंने मांग की है कि फटे तिरंगे को तत्काल हटाकर सम्मानपूर्वक नया झंडा लगाया जाए। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से अपील की है कि राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

# शाला से डेस्क, टेबल सहित कई वस्तुएं उड़ा ले गए चोर

सिहोरा ( स्वतंत्र मत)



शिक्षा के मंदिर में आये दिन चोरी होने से स्कूल प्रशासन ही नहीं बल्कि ग्रामीणजन भी परेशान है । दरअसल जबलपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम गोसलपुर में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल जो की पुलिस थाना गोसलपुर से लगभग 100 कदम की दूरी पर संचालित है। यहां पर 13 मार्च की रात को कक्षा 12वीं में रखी 8 डेस्क, बैठक रूम में रखे 3 टेबल, 500 लीटर वाली पानी की टंकी एवं विद्यालय में लगी पाइपलाइन को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया वो भी बिना किसी डर या भय के इसके पहले भी 28 जनवरी के दिन भी चोरों ने 500 लीटर वाली पानी की टंकी और पाइपलाइन को चुराया था। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, गोसलपुर में 6 चपरासी पदस्थ हैं। इसके बावजूद विद्यालय रात में सूना पड़ा रहता है। इसी सूनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। संस्था के प्रमुख राजबहादुर सोनकर के चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस थाना गोसलपुर में दी है। स्कूल की निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे भी बंद पड़े हैं लंबे समय से इनका मेंटेनेंस न होने के कारण यह खराब हो गए हैं, लोगों का कहना है की अगर विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा चालू होते तो विद्यालय में हुई चोरी की घटना कैमरे में कैद हो जाती। ग्रामवासियों ने रात्रि कालीन सुरक्षा के लिए चपरासियों को तैनात करने की मांग की है।

# खाटू श्याम भजन संध्या से चोरी हुई बाइक बरामद

### कोतवाली पुलिस ने दबोचा शातिर चोर

जबलपुर ( स्वतंत्र मत)

धार्मिक आयोजनों की भीड़ का फायदा उठाकर हाथ साफ करने वाले शातिर चोरों के खिलाफ सफलता मिली है। थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खाटू श्याम बाबा के कार्यक्रम से चोरी हुई बाइक को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हनुमानताल निवासी रवि शंकर साहू (39 वर्ष) 15 मार्च की रात छोटा फुहारा स्थित गुड़हाई गली में आयोजित खाटू श्याम बाबा के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी हीरो होण्डा एचएफ डीलक्स क्रमांक स्क्र20 ह्स्न 7672 कार्यक्रम स्थल के पास खड़ी की थी। जब वे दर्शन और भजन के बाद वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां से गायब थी ,जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर से मिली सुचना के आदर पर संदिग्ध युवक को पकड़ा जिसकी पहचान सुजीत उर्फ धुनगा गौड़ (19 वर्ष), निवासी इमलिया मोड़, अधारताल के रूप में हुई । थाने लाकर की गई सघन पूछताछ में आरोपी ने छोटा फुहारा की गली से बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू करदी है।

# आप कार्यकर्ताओं ने दी अमर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शहिद दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी कार्यालय में भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु दवरा 23 मार्च 1931 को दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन सभी वीर सपूतों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को भी नमन किया गया जिन्होंने इस देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया , जो हर कदम पर नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए समर्पित है, जिला उपाध्यक्ष संतोष वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रिटिश सरकार ने लाहौर जेल में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दे दी। यह घटना स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण क्षण बन गई। तीनों क्रांतिकारियों ने अपने साहस और देशभक्ति के बल पर पूरे देश में आज़ादी की चेतना को जगाया। अमर क्रांतिकारियों दवरा दी गयी उस कुर्बानी को याद करते हुए। आम आदमी पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कि गयी जिसमें मुन्नाध राय, संजय पाठक, संतोष वर्मा, जितेन्द्रे श्रीवास,जमुना प्रजापति ,गुलाबसिंह मरकाम,राजेश तिवारी, अमित विश्वंकर्मा उपस्थिति रहे।

# सीसीटीवी सर्विलांस पर मिला अलर्ट, घर पहुंचते-पहुंचते 10 तोला सोना ले उड़े चोर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



तिलवारा थाना क्षेत्र की अरनव विहार कॉलोनी में एक सूने घर से लाखों के जेवर और कीमती सामान चोरी हो गया। घटना को अंजाम देने वाले 3 चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में अरनव विहार कॉलोनी निवासी इंजी राहुल मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह 20 मार्च को सपरिवार घर पर ताला लगाकर सिंगरौली गए थे। रविवार सुबह उन्हें अपने मोबाइल पर सीसीटीवी सर्विलांस से अलर्ट मिला। फुटेज देखने पर घर के अंदर 3 चोर दिखाई दिए, जिन्होंने अपनी पहचान छिपाने के लिए हुडी और गर्म टोपी पहन रखी थी। राहुल मिश्रा ने तुरंत गढ़ा निवासी अपने भाई पद्मधर मिश्रा को घटना की जानकारी दी। पद्मधर के घर पहुंचने से पहले ही चोर अलमारी में रखे जेवर और कीमती सामान लेकर फरार हो चुके थे। राहुल मिश्रा के अनुसार, लगभग 7-8 तोला सोना और चांदी चोरी हुई है, जिसकी बाजार कीमत 70-80 लाख रुपए हो सकती है। राहुल मिश्रा ने यह भी बताया कि कॉलोनी में पहले भी चोरी की घटनाएं हुई हैं और यह उनके घर पर दूसरी वारदात है। उन्होंने कहा कि पुलिस बाहर तो गश्त करती है और रात में सायरन की आवाज सुनाई देती है, लेकिन पुलिस कभी कॉलोनी के अंदर नहीं आती है।

## जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना आज की सबसे बड़ी प्राथमिकता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे श्जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सोमवार को कुंडम विकासखंड में जल संरक्षण और पर्यावरण शुद्धि के लिए व्यापक गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मप्र जन अभियान परिषद् द्वारा श्जल शक्ति से नव भक्तिश् कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल सहेजने का संकल्प दिलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ग्राम झोझ स्थित खेरमाता मंदिर परिसर में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सोख्ता गड्ढों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार की गई।

# रामरथ शोभायात्रा में दिखी दक्षिण भारत की झलक





### कांची कामकोटि पीठ और दक्षिण भारतीय भजन सभा के तत्वावधान में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कांची कामकोटि पीठ एवं दक्षिण भारतीय भजन सभा द्वारा 75वें रामनवमी महोत्सव के अवसर पर सोमवार को भव्य रामरथ शोभायात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश की झांकी के साथ ही दक्षिण भारतीय पद्धति से निर्मित श्री सीता रामचंद्र दरबार की झांकियां के साथ शोभायात्रा सिविक सेंटर बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई जो तीन पत्ती, मालवीय चौक, करमचंद चौक होते हुए बालाजी मंदिर पहुंची। जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान दक्षिण भारतीय महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी। इस अवसर पर नरसिंह मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, विधायक अजय विश्नोई, डॉ जामदार, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, समरसता सेवा संगठन के संदीप जैन, कांची कामकोटि ट्रस्ट दक्षिण भारतीय भजन सभा के अध्यक्ष पी रमन, स्वामीनाथन अय्यर, शेखर चारी आदि उपस्थित रहे।



## रांझी अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। युवा कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष एड.शुभम बोहित ने बताया कि लंबे समय से उपनगरीय नगरी क्षेत्र रांझी बड़ा पत्थर में स्थित नवनिर्मित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगवाने की घोषणा महापौर द्वारा 2 वर्ष पहले की गई थी और लगातार क्षेत्रीयजन मूर्ति लगाने की मांग करते आ रहे है। इसी तारतम्य में सोमवार को युवा कांग्रेस रांझी-खमरिया ब्लॉक के द्वारा नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई और मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल चौधरी, इंद्रजीत कुशवाहा, देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अनुशासन और कड़ी मेहनत से बना जा सकता है अग्निवीर

## सेना के अफसरों ने विद्यार्थियों को दी परीक्षा संबंधित जानकारी

जबलपुर ( स्वतंत्र मत)



शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वावधान में अग्निवीर भर्ती विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित सेमीनार में थल सेना के विशेषज्ञों ने सेना में करियर बनाने के गुर सिखाए। सेमीनार के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि भारतीय सेना में सेवा देने के लिए अनुशासन और कड़ी मेहनत सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं।

***अधिकारियों ने साझा किए अनुभव***- मुख्य वक्ता मेजर राहुल दास ने बताया वर्तमान में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए नामांकन प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 निर्धारित है। प्रो. अरुण शुक्ल ने भारत सरकार की इस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना का प्राथमिक लक्ष्य सेना में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। सेमीनार में शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा के स्वरूप, फिजिकल टेस्ट के मापदंडों और मेडिकल परीक्षण के प्रोटोकॉल की तकनीकी जानकारी साझा की गई। इस शैक्षणिक सत्र में सेना की ओर से सूबेदार मेजर जगजीवन सिंह और सुबेदार जसवीर सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। महाविद्यालय से डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा और डॉ. तरुणेन्द्र साकेत ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। सेमीनार में कुल 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया।

# 23 लाख से अधिक का हुआ राशन घोटाला, प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत कुशमहाखुर्द स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में 23 लाख रुपए से अधिक का राशन घोटाला सामने आया है। तत्कालीन प्रबंधक सह विक्रेता गुलाब चंद पनिका के खिलाफ पाली थाने में 23 लाख 43 हजार 811 रुपए मूल्य के खाद्यान्न गबन के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति की शिकायत पर की गई है। उन्होंने विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर पूरे मामले का खुलासा किया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने जून 2025 से 19 जनवरी 2026 के बीच सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आवंटित गेहूं, चावल, नमक और शक्कर का गबन किया। आरोप है कि हितग्राहियों के अंगूठे लगवाकर पीओएस मशीन में राशन वितरण




दर्ज किया गया, जबकि वास्तव में खाद्यान्न वितरित नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि कई हितग्राहियों को मार्च 2025 का राशन नहीं मिला था, जबकि अप्रैल माह की पर्चियां पहले ही निकाल ली-गई थीं। इसी तरह, कुशमहाकला गांव में जून से अगस्त 2025 तक लगातार तीन माह तक राशन का वितरण नहीं किया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह की जांच में दुकान कई बार बंद पाई गई। मौके पर न तो मूल्य सूची बोर्ड लगा था और न ही आवश्यक सूचना पटल उपलब्ध था। ग्रामीणों के अनुसार, दुकान महीने में केवल दो दिन ही खोली जाती थी। जांच के दौरान पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। इससे खाद्यान्न के अवैध विक्रय की पुष्टि हुई। निलंबन के बाद भी आरोपी ने नए प्रबंधक को पूरा स्टॉक हस्तांतरित नहीं किया था। मामले में कुल 162.19 क्विंटल गेहूं, 440.73 क्विंटल चावल, 11.97 क्विंटल नमक और 4.68 क्विंटल शक्कर के गबन की पुष्टि हुई है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों ने गरीबों के हक को राशन हड़पने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसबी बोहित ने रविवार को बताया कि खाद्य विभाग के प्रतिवेदन पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पंचमी को स्कंदमाता के रूप में सजी माँ बिरासिनी, उमड़ी आस्था की भीड़

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित मां बिरासिनी धाम इन दिनों भक्ति और आस्था का जीवंत केंद्र बना हुआ है। सोमवार 23 मार्च को चौत्र नवरात्रि की पंचमी पर मां ने अपने स्कंदमाता स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में हर ओर दीपों की रोशनी, भजनों की गूंज और जयकारों का स्वर वातावरण को अलौकिक बना रहा है। सुबह की आरती से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगातार बनी हुई है। खास बात यह है कि स्कंदमाता स्वरूप में मां के दर्शन को लेकर महिलाओं और परिवारों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मान्यता है कि इस रूप के दर्शन से संतान सुख और परिवार में समृद्धि आती है, यही कारण है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंच रहे हैं। इस बार नवरात्रि में कलश स्थापना ने भी नया आयाम छू लिया है।पंचमी तक कुल 12,680 से अधिक कलश स्थापित हो चुके हैं, जो बीते वर्षों की तुलना में कहीं अधिक हैं। इनमें 1056 तेल ज्योति कलश, 888 घी ज्योति कलश, 10,119 जावरा कलश, 194 आजीवन तेल कलश और 423 आजीवन घी कलश शामिल हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़ को संभालने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है, वहीं प्रसाद, पानी और दर्शन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। पाली का यह शक्तिपीठ एक बार फिर साबित कर रहा है कि जब बात आस्था की होती है, तो सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं। मां बिरासिनी के दरबार में उमड़ती भीड़ और लगातार बढ़ते कलश इस बात का संकेत हैं कि श्रद्धालुओं का विश्वास पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुआ है।

# भाजपा की कार्य पद्धति समझाने दिलीप पांडे ने दिया गहन प्रशिक्षण

उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 23 मार्च को पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत करकेली मण्डल में आयोजित कार्यशाला के कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्य पद्धति पर विस्तृत एवं गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली के मूल सिद्धांतों को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में मण्डल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता से सुना और संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का प्रयास किया। अपने संबोधन में दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो राष्ट्र सेवा और समाज के समग्र विकास के संकल्प के साथ कार्य करता है। उन्होंने बताया कि पार्टी की कार्य पद्धति का मूल आधार अंत्योदय है, जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना है। यह विचार पंडित दीनदयाल जी द्वारा प्रतिपादित किया गया था, जिसे भाजपा आज भी अपने कार्यों में आत्मसात किए हुए है।संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित होती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी सक्रियता ही पार्टी की सफलता सुनिश्चित करती है। उन्होंने विशेष रूप से बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान है। जिसमें कार्यकर्ता कार्यालय कार्यक्रम और कोश विषय को विस्तार से बताया। कार्यशाला के दौरान भाजपा की कार्य पद्धति के प्रमुख तत्वोंकृअनुशासन, समर्पण, सेवा और संगठनात्मक एकताकृपर विस्तार से चर्चा की गई। दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय सक्रिय नहीं रहता, बल्कि वह निरंतर समाज के बीच रहकर जनसेवा करता है। यही कारण है कि पार्टी को जनता का व्यापक विश्वास और समर्थन प्राप्त होता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संपर्क, संवाद और सेवा के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संपर्क बनाए रखना, उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए कार्य करना ही एक सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है।संवाद के माध्यम से ही जनता के साथ विश्वास का संबंध मजबूत होता है, जबकि सेवा भाव से संगठन की स्वीकार्यता बढ़ती है। डिजिटल युग में बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक रूप से करें और सरकार की योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा की कार्य पद्धति में व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि का सिद्धांत लागू होता है।

# निषादराज जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए सामाजिक बंधु



उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 23 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित होटल चंदेल में निषादराज जयंती के अवसर पर मांझी बर्मन उत्थान समिति उमरिया के द्वारा भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिला एवं पुरुषों की भारी संख्या में सहभागिता रही, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने निषादराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने निषादराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान भगवान श्रीराम के परम मित्र और अनन्य भक्त थे तथा उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सच्ची मित्रता, सेवा और समर्पण ही मनुष्य को महान बनाते हैं। कार्यक्रम में रामकरण केवट, शंकर लाल बर्मन एवं राम सिया रायकवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि निषाद समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा, तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उपस्थित जनों ने निषाद समाज की एकता एवं उन्नति के लिए संकल्प लिया।

# बिरासिनी मेले में जेबकतरों का आतंक, तलवार लहराकर युवक फरार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** चौत्र नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर मां बिरासिनी मंदिर परिसर में उमड़ी भारी भीड़ के बीच चोरी और जेबकतरी की घटनाओं ने श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से यह साफ है कि मेले में सक्रिय जेबकतरों का गिरोह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, मंदिर परिसर में एक महिला के गले से लाखों रुपये कीमत की सोने की चेन काट ली गई, वहीं एक अन्य श्रद्धालु का करीब 9 हजार रुपये से भरा पर्स गायब हो गया। इसके अलावा कई लोगों की जेबें भी कटी हैं। हैरानी की बात यह है कि इन घटनाओं के बावजूद मौके पर प्रभावी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आ रही। नगर के व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि मंदिर परिसर में छोटे-छोटे बच्चों समेत संदिग्ध लोगों की लगातार मौजूदगी बनी हुई है, जो चोरी जैसी घटनाओं में लिप्त हैं, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। स्थिति उस समय और चिंताजनक हो गई जब मेला प्रांगण में एक युवक खुलेआम तलवार लहराते हुए लोगों को डराने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवक फरार हो गया। फिलहाल उसकी तलाश जारी है।

# चाचा पर भतीजे का प्राणघातक हमला





## गंभीर रूप से घायल, खैरलांजी थाना के ग्राम चिचोली का मामला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

एक छत के नीचे निवास करने वाले दो भाइयों के परिवार में पुरानी रंजिश के चलते गत रात्रि में खूनी संघर्ष देखने को मिला। बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहे 66 वर्षीय वृद्ध टेकचंद पिता लक्ष्मीचंद झोड़े, चिचोली निवासी पर शराब के नशें में भतीजे ने धारदार औजार से जान से मारने की नियत से गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे गहरा घाव होने से गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां उपचार जारी हैं। वहीं, खैरलांजी पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार, टेकचंद झोड़े और प्यारेलाल झोड़े दो भाई एक छत के नीचे निवास करते हैं। टेकचंद का पुत्र गोपाल झोड़े ग्राम पंचायत दिनेरा में सचिव के पद पर पदस्थ जो अपनी पत्नी के साथ वारासिवनी में निवास करता हैं वहीं प्यारेलाल झोड़े का पुत्र कृष्णा झोड़े गांव में मजदूरी करता हैं। टेकचंद झोड़े अपनी पत्नी के साथ चिचोली में रहकर खेती किसान का काम करते हैं। 22 मार्च की देर शाम 7 बजे क़रीब टेकचंद झोड़े अपने घर में बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी उसका भतीजा कृष्णा पिता प्यारेलाल झोड़े, उम्र 30 वर्ष क़रीब ग्राम चिचोली निवासी ने धारदार औजार पटासी (बढ़ाई का औजार) से गर्दन पर वार कर दिया। जिसके बाद और वार करता घायल वृद्ध टेकचंद ने उसका हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल टेकचंद की पत्नी और पड़ोसी दौडे और बीच बचाव किया गया। जिसके बाद पुलिस 112 डॉयल कर पुलिस से संपर्क किया गया जहां से खैरलांजी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल में रात्रि 11 बजे क़रीब भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी हैं।

घायल टेकचंद झोड़े ने बताया कि बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहे थे तभी शराबी भतीजे कृष्णा ने चाप से गर्दन पर हमला कर दिया, दूसरा वार करता लेकिन उसका हाथ पकड़ लिया और बोल रहा था कि पहले मारा था, भतीजा मेरी जान ले लेता। उसके बाद उसके पिता प्यारेलाल झोड़े और उसकी मां भी मुझे जान से मारने के लिए आए थे। गर्दन में गहरा घाव हो गया है गनीमत रही कि गर्दन की कोई नश नहीं कटी नहीं हो मैं मर ही जाता। अभी टाके लगे हैं और जिला अस्पताल में उपचार जारी हैं। इधर, खैरलांजी पुलिस ने हत्या के प्रयास में आरोपी कृष्णा पिता प्यारेलाल झोड़े के खिलाफ बीएनएस धारा 109(1) और 331(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया गया है। अब न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### इनका कहना हैं

गत रात्रि में चिचोली से सूचना मिलते ही हमरा दल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घायल टेकचंद झोड़े को डॉयल 112 से खैरलांजी सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार किया गया, जिसके पश्चात घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। रात्रि में ही आरोपी भतिजा कृष्णा को गिरफ्तार किया गया हैं, इन दोनो परिवार में पारिवारिक विवाद चल रहा था, आरोपी कृष्णा के द्वारा शराब के नशे में पटासी से हमला किया गया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस धारा 109(1) और 331(2) के तहत मामला दर्ज किया गया जिसे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**दीपक गौतम**
**थाना प्रभारी खैरलांजी**



# अवैध रेत परिवहन करते 4 ट्रेक्टर जब्त

## चंदन नदी से रेत का अवैध उत्खनन के बाद हो रहा था परिवहन

कटंगी(स्वतंत्र मत)

क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली चंदन नदी से लगातार रेत का अवैध दोहन और परिवहन हो रहा है। रेतघाट की नीलामी के बाद जहां ठेकेदार अनाप-शनाप तरीके से रेत का अवैध दोहन करते है तो वहीं अब जब ठेके की समयावधि समाप्त हो चुकी है तो रेत का अवैध व्यवसाय करने वाले भी नदी को छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इस बीच पुलिस की टीम ने औचक धरपकड़ कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले चार ट्रेक्टरों को पकड़ा है। सोमवार की सुबह करीब 09 बजे पुलिस ने कलगांव से अर्जुनी के बीच रास्ते में ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टरों को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा है। इन ट्रेक्टरों में चंदन नदी से रेत का अवैध दोहन कर परिवहन किया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचना दी गई है। दोपहर में खनिज निरीक्षक ने थाना पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई कर अवैध खनन और परिवहन की कार्रवाई की है। जानकारी अनुसार, जब्त ट्रेक्टर झुम्मर सिंह बिसेन, युवराज जगने, मोहित पटले, और पवन खरे के है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाहकल से अजुनी के बीच रास्ते में कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से रेत का अवैध तरीके से कामकाज करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया हैं और उन्होंने इस काम में लगे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया है। इधर, पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित थाने लाकर खड़ा करवा दिया है। चंदन नदी से अवैध रेत उत्खनन काफी लंबे समय चला आ रहा है कुछ जागरूक जन इस अवैध रेत खनन पर रोक लगाने की मांग कर रहे है किंतु सत्ता के अप्रत्यक्ष संरक्षण में होने वाले यह अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है जिससे चंदन नहीं और सहायक नालों को अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। विधायक बनने से पहले विधायक गौरव सिंह पारधी चंदन नदी में होने वाले अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर खूब ढीगें हांकते थे। विधायक बनने के एक बरस बाद तक तो वह नदी में उतरकर रेत का अवैध दोहन और परिवहन करने वाले वाहनों को पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारियों से पकड़वाते थे। वह कहते थे नदी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नदी हमारी मां है लेकिन जैसे ही सत्ता में एक बरस बीता और सत्ता सुख मिला उनके सिर से नदी संरक्षण का भूत ही उतर गया। वह अब नदी में होने वाले रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने आज तक कभी भी सदन के भीतर चंदन नदी के संरक्षण की बात नहीं उठाई और ना ही अवैध रेत उत्खनन पर कुछ बोला। वह तो केवल जनता के बीच भाषणबाजी करते हुए नदी बचाना हम सबका काम है और गांव से बहने वाली नदी की रेत पर पहला अधिकार गांव के लोगों का है यह कहते हुए स्वयं को पर्यावरण प्रेमी बताने में जुटे रहे। अब उनके भाषणों से भी नदी संरक्षण का विषय गायब हो चुका है। सत्ता सुख में मदमस्त विधायक मकर संक्रांति में नदी में उतरकर सूर्य की उपासना करते हुए शायद आज यह भूल चुके है कि वह कभी नदी का संरक्षण करने का दावा करते थे जबकि उनके विधायक बनने के बाद भी नदी का दोहन हो रहा है। केंद्र से लेकर राज्य में उनकी ही पार्टी की सरकार है वह चाहते तो शायद चंदन नदी का संरक्षण हो सकता था लेकिन कथनी और करनी में अंतर होता है यह विधायक बनने के बाद विधायक गौरव सिंह पारधी ने साबित कर दिया। विधायक के प्रेरणास्त्रोत मध्य प्रदेश में मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल द्वारा 'उद्गम मानस यात्रा' शुरू कर नदियों को नाला बनने से रोकने और उन्हें बचाने की पहल की गई थी। सरकार भी जल गंगा अभियान, नमामि गंगे और अन्य नदी पुनर्जीवन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों की सफाई और संरक्षण के प्रयास कर रही है विधायक चाहे तो वह अपने प्रेरणास्त्रोत से ही प्रेरणा लेकर चंदन नदी के अस्तित्व पर चिंता जाहिर कर सकते है।

# हाई स्कूल के सामने हुआ सड़क हादसा, भाई-बहन घायल

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र की मॉयल नगरी तिरोड़ी में हाई स्कूल के सामने एक बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर सीसी सड़क में फिसल गई। जिससे बुलेट में सवार बिरसोला निवासी भाई-बहन घायल हुए हैं। जिन्हें नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार देने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी रेफर किया गया। यहां पर डॉ विनोद भलावी ने घायल युवती की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया है। परिजन युवती को बेहतर उपचार के लिए शाम साड़े 06 बजे नागपुर लेकर गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बिरसोला निवासी आयुष पिता अनिल रामटेके अपनी बहन काजल रामटेके को रेलवे स्टेशन तिरोड़ी छोड़ने के लिए जा रहा था। 22 वर्षीय काजल भोपाल किसी परीक्षा के सिलसिले में जा रही थी। इस दौरान तिरोड़ी में हाई स्कूल के सामने उनकी



बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे दोनों ही बहन भाई सड़क पर गिर पड़े। काजल के सिर पर गहरी चोट और बाया हाथ फैक्चर हुआ है। जबकि आयुष को मामूली चोट आई है। हादसा सोमवार की शाम करीब 5 के आसपास हुआ। सड़क हादसे के बाद समाजसेवी नम्रता उपाध्याय के द्वारा तत्काल अपना निजी एंबुलेंस वाहन घटनास्थल पर भेजा गया। चालक नितेश गुप्ता ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया था। सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन और युवती को सामान पुलिस अभिरक्षा में तिरोड़ी थाने में रखा गया है।

# प्राथमिक शाला सुंदरवाही के शिक्षक गोयल सिंह मरावी को किया गया निलंबित

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरवाही (दमोह) के प्राथमिक शिक्षक श्री गोयल सिंह मरावी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है ।

# कारीगरों के हाथों की मेहनत से ही होगा नए भारत का निर्माण

## अध्यक्ष ने ग्रामोद्योग विकास योजना पर बांटे मशीन व टूलकिट






मण्डला(स्वतंत्र मत)

आत्मनिर्भर भारत और ग्रामीण उद्यमिता को नई गति देते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी ने आरडी कॉलेज में खादी ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत एक भव्य वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भारत सरकार के लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत खादी और ग्राम उद्योग आयोग केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने 280 कारीगरों को लगभग एक करोड़ रुपये की राशि की 240 मशीनें एवं टूलकिट वितरित किए। इनमें कुम्हारों के लिए इलेक्ट्रिक चाक, हनी मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन के बक्से, चमड़ा उद्योग के टूलकिट, सिलाई मशीनें, अगरबत्ती निर्माण मशीनें, फाइबर उद्योग उपकरण तथा अन्य तकनीकी टूलकिट शामिल रहे। इन संसाधनों के माध्यम से कारीगरों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अपने संबोधन में मनोज कुमार ने कहा कि नए भारत का निर्माण कारीगरों के हाथों की मेहनत से ही होगा। आप सभी खादी के ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के विजन के अनुरूप खादी अब केवल वस्त्र नही बल्कि रोजगार नवाचार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में अब तक 4,000 से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में 21 से अधिक खादी संस्थाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं जो ग्रामोद्योग को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इस क्षेत्र का कारोबार 30-35 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और निकट भविष्य में यह 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण आधुनिक उपकरण प्रदर्शनी मंच तथा प्रभावी मार्केटिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे वे स्थानीय स्तर पर ही अपने उद्यम स्थापित कर सकें और पलायन को रोका जा सके। उन्होंने लाभार्थियों से गुणवत्ता सुधार आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर बाजार संपर्क अपनाने का भी आह्वान किया। महिलाओं को विशेष रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन आटा चक्की और रोटी बनाने की मशीनें भी प्रदान की गईं जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह आयोजन ग्रामीण उद्योगों को सशक्त बनाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में केवीआईसी के सतत प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर महेंद्र पटेल, विनीत वर्मा संचालक खादी तथा ग्रामोद्योग भोपाल, राजीव खन्ना सहायक निदेशक खादी तथा ग्रामोद्योग भोपाल, अखिलेश सिंह सहायक निदेशक मध्य क्षेत्र खादी तथा ग्रामोद्योग, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिव कुमार डेकाटे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। पिछले पांच वर्षों के दौरान मध्यप्रदेश में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत 3924 से अधिक मशीनें एवं टूलकिट वितरित कर लगभग 1294 कारीगरों को प्रत्यक्ष रोजगार से जोड़ा गया है राज्य कार्यालय भोपाल के अंतर्गत 21 खादी संस्थाओं के माध्यम से 3000 खादी कारीगरों को रोजगार मिल रहा है पिछले पांच वर्षों में 26216 इकाइयों की स्थापना की गई जिनके लिए 778 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी सहायता दी गई और 2,09,992 से अधिक रोजगार सृजित हुए अध्यक्ष केवीआईसी ने कहा प्रधानमंत्री का विकसित भारत विजन महात्मा गांधी के स्वदेशी और ग्राम स्वराज का आधुनिक रूप है जिसके माध्यम से च्हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का भाव खादी एवं ग्रामोद्योग के जरिए जन-आंदोलन में परिवर्तित हो रहा है प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल एवं मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के विजन को साकार करते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के मंडला में रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में रविवार को ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत मशीनरी, टूलकिट एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वितरित उपकरणों में कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत 140 विद्युत चालित चाक हनी मिशन के अंतर्गत 500 मधुमक्खी बॉक्स वर्चुअल माध्यम से, टर्नवुड क्राफ्ट के अंतर्गत 20 मशीनें, पेपर मेशी के अंतर्गत 2 सेट मशीनें, पेपर प्लेट एवं दोना निर्माण के लिए 4 सेट मशीनें, 10 फुटवियर निर्माण मशीनें, 20 ऑटोमैटिक अगरबत्ती मशीन, 4 सेट कच्ची घानी तेल मशीन, 20 पॉपकॉर्न मशीन तथा 20 प्लंबर टूलकिट शामिल हैं,

## हादसे में चार युवकों की मौत

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में चार बाइक सवार युवकों की मौत हो गई हादसा भैंसवाही और टिकरा टोला के बीच एक जर्जर पुलिया से गिरने के कारण हुआ स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह पुलिया पिछली बरसात में टूट गई थी लेकिन इसका निर्माण या मरम्मत अब तक नहीं कराया गया है।

## एकता रथ यात्रा का आगमन आज

मण्डला(स्वतंत्रमत)। गुजरात के अहमदाबाद से प्रारंभ हुई सरदार वल्लभभाई पटेल की एक प्रेरणादायक रथ यात्रा का आगमन आज प्रात: 10 बजे मंडला जिले की सीमा नैनपुर में आगमन हो रहा है। सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एकता रथ यात्रा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए सरदार पटेल के इतिहास विचार और मूल्यों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है जिसमें कारावास के दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के द्वारा उपयोग में लाई गई विभिन्न सामग्रियां जैसे उनका टिफिन, पानी पीने का लोटा, चरण पादुका चप्पल संदूक पेटी व उन्हें उपहार में प्राप्त 3 किलो सोना स्वर्ण का अशोक चिन्ह साथ ही उनको समर्पित सम्मान पत्र भी आमजन के दर्शन हेतु व पटेल के राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का अलख जागते हुए रथ यात्रा देश की एकता को समर्पित हम सबके बीच विद्यमान होने जा रही है। रथ यात्रा का जिले में विभिन्न संगठनों, समुदायों वर्गों, स्वजातीय भाई बहनों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा इसके लिए नैनपुर, बम्हनी बंजर, अंजनिया, महाराजपुर मंडला आदि में तैयारियां जोरों पर हैं।

## आपदा पर कार्यशाला आयोजित

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिला योजना भवन में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं भूकंप प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर सोमेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना रहा। कार्यशाला के दौरान डिप्टी कमांडेंट एसडीआरएफ हेमराज परस्ते ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, बचाव तकनीकों एवं राहत कार्यों की रणनीतियों को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया। कार्यशाला की विशेषता लाइव डेमो रहा, जिसमें आपदा की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, चोटिल व्यक्ति को कैसे सुरक्षित निकालना है? इसका व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भवन गिरने जैसी आपात परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया।

## जनगणना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

मण्डला(स्वतंत्रमत)। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशन में जनगणना 2027 के कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नामांकित फील्ड ट्रेनर्स एवं रिजर्व फील्ड ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार प्रशिक्षण दो चरणों में तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में जिला योजना सभाकक्ष में संपन्न होगा। प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज से 26 मार्च तक तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 28 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। दोनों ही चरणों में प्रशिक्षण का समय प्रात: 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। 24 मार्च को जिला योजना भवन में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित होने के कारण यह प्रशिक्षण गोलमेज कक्ष में आयोजित किया जायेगा। शेष तिथियों में प्रशिक्षण यथावत जिला योजना भवन में जारी रहेगा।

## राष्ट्र सेविका का पथ संचलन

मण्डला(स्वतंत्रमत)। मंडला से एक बेहद प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है जहां वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति ने भव्य पथ संचलन का आयोजन किया। इस आयोजन में नारी शक्ति अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर रविवार शाम 5 बजे राष्ट्र सेविका समिति द्वारा एक भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया इस आयोजन ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया इस पथ संचलन में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया सभी सेविकाएं अनुशासित कदमताल के साथ आगे बढ़ती नजर आई जिससे नारी शक्ति का सशक्त और प्रेरणादायक स्वरूप देखने को मिला।

## ब्रेन चाइल्ड के नए प्री स्कूल का उद्घाटन



मण्डला(स्वतंत्रमत)

ब्रेन चाइल्ड एकेडमी ने अपने नए प्री-स्कूल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया यह प्री स्कूल वाटर वर्क्स के सामने नर्मदा कॉलोनी पड़ाव वार्ड में प्रारंभ किया गया है जिसका उद्देश्य बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विक्रांत सारंगपाणी कमांडेंट सीआरपीएफ उपस्थित थे एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और उनका फूलों से स्वागत किया गया समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई प्रिंसिपल डॉ. दिव्या शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने अपने शैक्षिक यात्रा के बारे में बताया और कहा कि उन्होंने कैसे मंडला में किड्जी स्कूल की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा की इस प्री-स्कूल स्कूल का मिशन बच्चों को आत्मविश्वास नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ विकसित करना है शालिनी शुक्ला हेड ब्रेन चाइल्ड एकेडमी प्री स्कूल ने स्कूल के बारे में जानकारी दी और बताया कि स्कूल में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने अपने प्री-स्कूल विशेषज्ञ के रूप में अपने अनुभव के बारे में बताया और कहा कि वह बच्चों को शिक्षा देने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हैं। समारोह में बच्चों ने गणेश और शिव वंदना प्रस्तुत की जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया इसके बाद फाइनल डांस परफॉर्मेंस हुआ जिसका थीम कॉलर्स ऑफ लाइफ था मुख्य अतिथि विक्रांत सारंगपाणी ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल प्रबंधन और टीम द्वारा छात्रों की देखभाल बहुत ही भावुक इस तरह से की जाती है उन्होंने स्कूल के साथ अपना अनुभव बहुत भावुक तरह से व्यक्त किया और कहा कि वह स्कूल के विकास के लिए हमेशा तैयार हैं। इसके बाद रिबन काटकर स्कूल का उद्घाटन किया गया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ इस कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल समवंयक राजुल सिंहानी सोनिया जैन और राशि पमनानी ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई।

## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया शाला प्राचार्या श्रीमती अरुणा दीक्षित ने परिणाम घोषित करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया कक्षा ग्यारहवीं में संस्कार यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया जबकि विवेक सैयाम द्वितीय एवं अंकिता भांसत तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा नवमी में लवलीन कौर ने प्रथम सरिता कुशराम ने द्वितीय तथा लक्ष्मी नरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया संकायवार परिणाम इस प्रकार रहे विज्ञान संकाय ग्यारहवीं प्रथम संस्कार यादव द्वितीय अंकिता भांसत तृतीय संजना पट्टा, कला संकाय प्रथम धर्मेंद्र यादव द्वितीय ऊर्जा वरकड़े, तृतीय सविता यादव, वाणिज्य संकाय प्रथम विवेक सैयाम, द्वितीय सिशोक धुर्वे एवं संतोष धुर्वे तृतीय कमलेश धुर्वे, कृषि संकाय प्रथम शिवलाल पट्टा द्वितीय शौर्य तृतीय कविता परते कक्षा नवमी बालक वर्ग प्रथम महेश उइके द्वितीय शिवम दुबे तृतीय तिलोक परते कक्षा नवमी बालिका वर्ग प्रथम लवलीन कौर द्वितीय सरिता कुशराम तृतीय लक्ष्मी नरेती विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ नियमित उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों मोनिका धुर्वे आकाश उईके एवं सरिता कुशराम को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्रशासन ने जानकारी दी कि कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में नवीन प्रवेश प्रक्रिया 24 मार्च से 30 मार्च तक संचालित होगी तथा 1 अप्रैल से नियमित कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी।

## वित्तीय साक्षरता में नुक्कड़ से किया जागरूक

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)। जिले के ब्लॉक नारायणगंज में 20 मार्च को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार




एक प्रभावी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना तथा सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। इस पहल को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सीएफएल सेंटर निवास द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम की खास बात यह रही कि वित्तीय जागरूकता का संदेश पारंपरिक तरीके से न देकर नुक्कड़ नृत्य और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिससे ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने इसे रुचि पूर्वक देखा और समझा नुक्कड़ नृत्य के जरिए डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, बैंकिंग योजनाओं की जानकारी और बचत की आदतों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल भाषा में समझाया गया। कलाकारों ने मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षाप्रद संदेश देकर उपस्थित लोगों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक किया। इस आयोजन में ऑफिस इंचार्ज देवेंद्र मिश्रा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रवीण राय, सुनील मोंगरे, जॉनसन जॉय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक



मण्डला(स्वतंत्र मत)। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित अपराधों के त्वरित प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही थाना प्रभारी चौकी प्रभारी एवं अन्य स्टाफ को विभिन्न विषयों एवं उच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। बैठक में एसडीओपी मंडला, एसडीओपी निवास, एसडीओपी बिछिया, एसडीओपी नैनपुर, डीएसपी एलआर, सभी थाना चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही, महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशीलता तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अधिक से अधिक करने के निर्देश भी दिए गए। यातायात जागरूकता के अंतर्गत पीएमराहत राहवीर योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार कैशलेस इलाज सुविधा के बारे में आमजन को जागरूक करने तथा इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया।

## सोशल मीडिया जिला संयोजक बने शोभित



मण्डला(स्वतंत्र मत)। भारतीय जनता पार्टी संगठन में सोशल मीडिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। हेमंत खंडेलवाल (प्रदेशाध्यक्ष) की मंशानुसार तथा संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, जिला संगठन प्रभारी रमेश भटेरे, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुयश त्यागी एवं जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की सहमति से शोभित रावत को सोशल मीडिया जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को संगठन के डिजिटल विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि शोभित रावत अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा समर्पण एवं ईमानदारी के साथ करेंगे और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नव नियुक्त जिला संयोजक से अपेक्षा की गई है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करेंगे तथा कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं संगठित बनाने का प्रयास करेंगे। इनकी नियुक्ति पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, पूर्व मंत्री देव सिंह सैयाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, जिला मंत्री जोरावर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमति मंजू कछवाहा सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शोभित रावत को शुभकामनाएं दी हैं।

## डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत



मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)

जबलपुर रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिझौरा-चारटोला टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार डंपर ने वन विभाग में मजदूरी करने जा रहे एक आदिवासी मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया पहुंचाया गया हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया हादसे की खबर फैलते ही मृतक के परिजन ग्रामीण और आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए गुस्साए लोगों ने चारटोला टोल प्लाजा के पास एनएच 30 पर चक्काजाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेता भी शामिल हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें थीं मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दोषी डंपर चालक की तत्काल गिरफ्तारी क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण सूचना मिलते ही पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया।


**बाजार नीलामी सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए साप्ताहिक बाजार मेंढ़ा की नीलामी दिनांक 30.03.2026 दिन सोमवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत भवन मेढ़ा में रखी गई है इसमें वर्ष 2026-27 के दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक समाप्त होने वाली बाजार की नीलामी है इच्छुक व्यक्ति वर्ष के लिए बोलीदार समय पर पहुंचकर निर्धारित सुरक्षा निधि अमानत राशि जमा कर सकता है बाजार नीलामी में बोली लगा सकते हैं।**

**टीप :- बाजार नीलामी निहित रीति अनुसार होगी जिसमें ग्राम पंचायत समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

| सचिव | सरपंच |
|---|---|
| ग्राम पंचायत मेंढ़ा | ग्राम पंचायत मेंढ़ा |
| जनपद पंचायत मवई | जनपद पंचायत मवई |

संपादकीय

# 'लॉकडाउन' जैसे हालात!

क्या दुनिया एक बार फिर 'लॉकडाउन जैसे हालात' की ओर बढ़ रही है? इस बार वजह कोई महामारी नहीं, बल्कि बढ़ता वैश्विक ऊर्जा संकट है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावट के कारण कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। तेल महंगा होने का असर अब आम लोगों की जिंदगी पर साफ दिखने लगा है। कई देशों में ईंधन की कमी के चलते राशनिंग शुरू हो गई है, हवाई उड़ानों में कटौती हो रही है और यात्रा महंगी होती जा रही है। ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से खाने-पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा के सामान तक सब कुछ महंगा हो रहा है। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए एक 10-पॉइंट प्लान जारी किया है। इसमें कम यात्रा करने, घर से काम करने, वाहनों के इस्तेमाल को सीमित करने जैसे सुझाव शामिल हैं। ये सुझाव नहीं, बल्कि सरकारों के लिए तैयार प्लान है।

ईरान जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों का आना-जाना रुक गया है। दुनिया का बहुत सारा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अब तेल की कीमतें 112 प्रति बैरल तक पहुंच रही हैं। अमेरिका में गैस की कीमत 5 प्रति गैलन हो गई है। हर चीज महंगी हो रही है क्योंकि ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ गया है। दुकानों में सब कुछ महंगा होता जा रहा है। खाद्य सुरक्षा भी खतरे में है क्योंकि खाद्य पदार्थ बनाने के लिए जरूरी खाद भी होर्मुज से आता है। किसान ज्यादा पैसे देंगे तो खाना भी महंगा होगा। यूनाइटेड एयरलाइंस ने इस हफ्ते ही 5 प्रतिशत उड़ानें काट दी हैं। दूसरे देशों की एयरलाइंस भी उड़ानें कम कर रही हैं। आपकी हवाई यात्रा महंगी और कम हो जाएगी।

सरकारें कह रही हैं बेवजह यात्रा कम करें। यह ठीक वही भाषा है जो कोविड में इस्तेमाल हुई थी- 'केवल जरूरी काम के लिए बाहर निकलें।' ये कदम भले ही 'एनर्जी सिक्योरिटी' के नाम पर उठाए जाएं, लेकिन इनका असर कहीं न कहीं कोविड लॉकडाउन जैसा महसूस हो सकता है। हालांकि, अभी इसे पूरी तरह लॉकडाउन कहना सही नहीं होगा, लेकिन हालात जिस दिशा में बढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि आने वाले समय में आम लोगों की दिनचर्या पर इसका असर पड़ सकता है। कई देश पहले से ही तेल राशनिंग कर रहे हैं। जापान में फ्यूल राशनिंग लागू है। एनर्जी वाउचर बांटे जा रहे हैं। दक्षिण कोरिया में भी राशनिंग चल रही है। बांग्लादेश, फिलीपींस और श्रीलंका में पेट्रोल की लंबी कतारें लग रही हैं। ऑस्ट्रेलिया सरकार कह रही है कि गैर-जरूरी यात्राएं कम करें। भारत में 80 प्रतिशत तेल होर्मुज से आता है। पाकिस्तान पहले से आर्थिक संकट में है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी कह रही है कि कोविड में यह काम आया था, वैसे ही अब एनर्जी क्राइसिस में काम आएगा। सरकारें इसे एनर्जी सिक्योरिटी कहेंगी, लॉकडाउन नहीं कहेंगी, लेकिन असर एक ही होगा- आप घर से बिना इजाजत बाहर नहीं निकल पाएंगे। कोविड में सरकारें स्वास्थ्य के नाम पर लॉकडाउन लगाती थीं। अब ऊर्जा के नाम पर वही काम हो रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, फिलीपींस पहले से राशनिंग कर चुके हैं। अमेरिका में गैस की कीमतें बढ़ी हैं। एयरलाइंस उड़ानें काट रही हैं। यह सब अभी शुरू हो चुका है। अगर तेल की कीमतें और बढ़ीं तो ट्रांसपोर्ट, उड़ानें, खेती सब महंगा हो जाएगा। सरकारें धीरे-धीरे राशनिंग और स्पीड लिमिट लगाएंगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का प्लान कई देशों में लागू होने वाला है। यह स्थायी व्यवस्था बन सकती है- डिजिटल परमिट सिस्टम, जहां आपकी गाड़ी, यात्रा और घरेलू उपकरण भी नियंत्रित होंगे।

# भाजपा की पंजाब में वर्चस्व की राह आसान नहीं

गत 14 मार्च को मोगा में अपनी बहुप्रचारित रैली की शुरुआत करते हुए अमित शाह को पगड़ी पहने और सिखों का लोकप्रिय जयघोष करते देखना एक दिलचस्प नज़ारा था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अक्सर सिख सभाओं में पगड़ी पहनकर आते हैं। जो कोई भी भाजपा नेताओं को सिखों को लुभाने के वास्ते ऐसे हास्यास्पद सुझाव देता है, उसे पंजाब से जुड़े किसी भी राजनीतिक मामले पर सलाह देने से स्थाई तौर पर रोक देना चाहिए।

यह कोई राज़ नहीं है कि भाजपा में फ़ैसले शीर्ष स्तर पर लिए जाते हैं। यहां तक कि मीडिया को इंटरव्यू देने के लिए भी केंद्रीय नेतृत्व की मंज़ूरी ज़रूरी रहती है। जाहिर है, आने वाले विधानसभा चुनावों में चुनाव अकेले लड़ने के पार्टी के फ़ैसले का ऐलान करने से पहले अमित शाह ने सुनील जाखड़ और कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे स्थानीय पार्टी नेताओं से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया था। जबकि कांग्रेस के ये दोनों पूर्व दिग्गज नेता सार्वजनिक तौर पर शिरोमणि अकाली दल के साथ चुनावी गठबंधन करने की वकालत कर रहे थे। यह रवनीत सिंह बिट्टू ही थे जिन्होंने ऐसे किसी भी गठबंधन का ज़ोरदार विरोध किया है; ऐसे में अगर कल को उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बना दिया जाए, तो कोई हैरत नहीं।

स्थानीय लोगों के साथ सार्थक संवाद के अभाव में, गृह मंत्री ने अपने भाषण में पसंदीदा अलगाव के मुद्दों में से एक का सहारा लिया-धर्मांतरण। भाजपा जिस 'बदलाव' का वादा कर रही है, यदि उसमें धर्मांतरण-विरोधी क़ानून भी शामिल है, तो चुनावी लिहाज़ से उसे कोई ख़ास सफलता नहीं मिलेगी। धर्मांतरण कोई ऐसा मुद्दा नहीं है, जो आम पंजाबियों को परेशान कर रहा हो। मामूली आर्थिक फ़ायदों के लिए ईसाई धर्म अपनाने वाले ग़रीब लोगों से समाज या राज्य को कोई ख़तरा नहीं है। सबको अपने साथ लेकर चलने वाला पंजाब, धार्मिक आधार पर समाज में अलगाव से चुनाव जीतने के भाजपा के एजेंडे को आसानी से स्वीकार नहीं करेगा।

आम तौर पर पंजाबी लोग अहंकारी नेताओं को सत्ता से बाहर करने के लिए वोट देते हैं। उनकी कोई पसंदीदा पार्टी शायद ही कभी रही है। पिछले चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली ज़बरदस्त जीत का श्रेय 'आप' के नेतृत्व से किसी बड़ी उम्मीद के बजाय, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के कुशासन के लिए उन्हें दी गई सज़ा को ज़्यादा जाता है। हो सकता है कि अब वे 'आप' से भी मोहभंग महसूस कर रहे हों, लेकिन वे इतने नाराज़ भी नहीं हैं कि उसे सत्ता से ही बेदख़ल कर दें।



सिख राजनीतिक विचारक और लेखक, अजमेर सिंह के अनुसार 'भाजपा ने हरियाणा में जाटों को अलग-थलग करके और गैर-जाटों को एकजुट करके चुनाव जीता था। पंजाब में भी वह यही रणनीति अपना सकती है-सिख जाट वोटों को बांटना और हिंदू, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग वोटों को एकजुट करना'। डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख को पद्मश्री से सम्मानित करना और उसके बाद दलित बहुल इलाके में गुरु रविदास को श्रद्धांजलि देने के लिए पीएम मोदी का डेरा दौरा, ज़ाहिर तौर पर इसी रणनीति का हिस्सा हैं।

पंजाब के कुल वोटों में दलितों की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत है और जालंधर, कपूरथला, नवांशहर और होशियारपुर- इन चार ज़िलों की 117 विधानसभा सीटों में से 23 सीटों के नतीजों में वे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। दलितों के बीच रविदासिया समुदाय एक बड़ा हिस्सा है। भाजपा इसी समुदाय पर दांव लगा रही है। भाजपा की इस चुनावी रणनीति को एक और चीज़ से भी मदद मिल रही है-दोषी डेरा प्रमुख राम रहीम की बार-बार पैरोल पर रिहाई। पंजाब के मालवा इलाके के कुछ हिस्सों में राम रहीम के बहुत सारे अनुयायी हैं और फिलहाल उसका पसंदीदा दल भाजपा है। ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरा आमतौर पर राजनीतिक रूप से तटस्थ रहता है।

भाजपा की दलितों तक पहुंच बनाने की कोशिश भी शायद ही कामयाब हो जाए, क्योंकि पंजाब में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटर बंटे हुए हैं और अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों का समर्थन करते हैं। यही वजह है कि बहुजन समाज पार्टी पंजाब में ज़्यादा कामयाबी हासिल नहीं कर पाई। और इसीलिए भाजपा के लिए हरियाणा वाली सफलता को पंजाब में दोहराना मुश्किल होगा। यहां पर हालात पूरी तरह से उसके अनुकूल नहीं हैं। सिख आमतौर पर भाजपा से दूरी बनाकर रखते हैं, क्योंकि भाजपा की राजनीति भड़काऊ होती है, एजेंडा सांप्रदायिक केंद्रित होता है, और वह डेरों को संरक्षण देती है। सिखों का मुख्य सिद्धांत है 'सरबत दा भला' (सबका कल्याण)। पंजाबी स्वभाव से ही धर्मनिरपेक्ष होते हैं। उग्रवाद के चरम पर होने के समय भी, गंभीर उकसावों के बावजूद, कोई बड़ा सांप्रदायिक विभाजन नहीं हुआ था।

सिखों को लुभाने के वास्ते, भाजपा ने पगड़ीधारी कई नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। राजनीति को धर्म से जोड़ते हुए, वह अक्सर गुरु तेग बहादुर और साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदानों को याद करती है, और करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने के बारे में दावे करती है; लेकिन इन सब बातों का कोई खास असर नहीं होता। इसके विपरीत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लगातार दोहराया जाने वाला यह नज़रिया कि सिख भी हिंदुओं का ही हिस्सा हैं, इस समुदाय को विशेष रूप से नाराज़ करता है। पंजाब यूनिवर्सिटी में कैंपस पर 'भगवा वर्चस्व' की कोशिशों के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे।

भाजपा की सत्ता पाने की कोशिश का समर्थन किसानों और खेतिहर मज़दूरों द्वारा करने की संभावना कम ही है। पहले ही, तीन विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साल भर चले विरोध प्रदर्शनों ने भाजपा नेतृत्व को बैकफुट पर धकेल रखा है। तिस पर 'बीज विधेयक', 'बिजली विधेयक' और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते ने उन्हें फिर से आंदोलन की राह पर ला खड़ा किया है। मोगा में अमित शाह किसानों की चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बात कर सकते थे।

भाजपा की राष्ट्रीय आर्थिक नीतियां भी पंजाब को रास नहीं आती। इन नीतियों से आज़ादी के बाद पहली बार इतनी ज़्यादा आर्थिक असमानता देखने को मिली है, और मुट्ठी भर 'गोदी सेठों' के हाथों में अकूत संपत्ति जमा हो गई है। धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देना, समाज में भय को हवा देना, और लोगों का ध्यान भटकाने वाली राजनीति करना-ये सब भले ही व्यापक आर्थिक संकट को छिपा लें और चुनावी जीत दिला दें, लेकिन अंत में जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है। पंजाब के दौरों के दौरान, मोदी-शाह की जोड़ी ने न तो पंजाब के मूल मुद्दों को छुआ और न ही राज्य को मौजूदा मुश्किल हालात से निकालने के लिए कोई सोची-समझी योजना पेश की। क्या भाजपा के पास पंजाब को उस 'आर्थिक संकट' से बचाने का वह दृष्टिकोण है, जिसकी कमी के लिए अतीत की सत्ताधारी पार्टियां कुख्यात रही हैं? क्या यह राज्य के सिर चढ़े उस कर्ज़ का बोझ हल्का करने में मदद कर सकती है, जो पिछले कई सालों में बेतरह ज़्यादा खर्च, सोचे-समझे बिना कर्ज़ लेने और 'रेवड़ी योजनाओं' में पैसे की बर्बादी की वजह से जमा हो गया है?

तथापि सूबे में अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन और सत्ता तक पहुंचने के रास्ते में आने वाली ढेरों रुकावटों के बावजूद, इस बार भाजपा की पंजाब में पैठ बनाने की कोशिश को हल्के में नहीं लेना चाहिए। भाजपा की 'वोट जीतने वाली मशीन' की ताकत और पहुंच को कम करके नहीं आंकना चाहिए। इसके संगठनात्मक कौशल, आर्थिक ताकत, आरएसएस का समर्थन और एक 'अनुकूल' चुनाव आयोग, ये ऐसे बेजोड़ फायदे हैं जिनका कोई तोड़ नहीं है। पार्टी नेतृत्व की राजनीतिक रणनीतियां और जातिगत समीकरण अक्सर मनचाहे नतीजे देते हैं।

**- निर्मल संधू**

# पानी से जुड़ा लैंगिक समानता का मुद्दा

पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता की रीढ़ भी है। खेती, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक जीवन, सब कुछ पानी पर निर्भर है। इसके बावजूद आज दुनिया गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। यह संकट केवल पानी की कमी का नहीं, बल्कि उसके असमान वितरण, प्रबंधन की विफलता और सामाजिक असंतुलन का भी है। इसी बारे में चेतना जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाता है। विश्व जल दिवस की शुरुआत 1993 में हुई थी, जब महसूस किया गया कि पानी से जुड़ी समस्याओं को केवल तकनीकी या स्थानीय मुद्दा मानकर नहीं सुलझाया जा सकता। यह एक वैश्विक चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक जिम्मेदारी से संभव है। हर वर्ष एक विशेष विषय चुनकर पानी के किसी एक पहलू पर फोकस किया जाता है, ताकि नीति निर्धारकों व नागरिकों को स्पष्ट दिशा मिल सके।



वर्ष 2026 के लिए विश्व जल दिवस की थीम है पानी और लैंगिक समानता। इसका संदेश है जहां पानी बहता है, वहां समानता बढ़ती है। जल संकट का प्रभाव सभी पर समान नहीं पड़ता। समाज के कुछ वर्ग खासकर महिलाएं व लड़कियां, पानी की कमी और खराब जल प्रबंधन से अधिक प्रभावित होती हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में घर के लिए पानी लाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में दूर-दूर से पानी लाना सामान्य बात है। इस प्रक्रिया में उनका समय, ऊर्जा और स्वास्थ्य तीनों प्रभावित होते हैं। जब कोई लड़की रोज कई घंटे पानी लाने में लगाती है, तो उसका स्कूल जाना बाधित होता है। जब कोई महिला भारी बर्तन उठाकर लंबी दूरी तय करती है, तो उसका स्वास्थ्य कमजोर होता है। यहां प्रश्न केवल पानी उपलब्ध होने या न होने का नहीं है, बल्कि यह है कि पानी की कमी किसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। आंकड़े बताते हैं कि पेयजल की सुविधाओं की कमी का सबसे अधिक बोझ महिलाओं पर पड़ता है। विश्व जल दिवस 2026 की थीम जोर देती है कि पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए महिलाओं को जल प्रबंधन, योजना निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना जरूरी है। अनुभव बताता है कि जहां स्थानीय जल समितियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी, वहां जल स्रोतों का रखरखाव बेहतर हुआ और जल उपयोग अधिक जिम्मेदारी से किया गया। भारत जैसे देश में यह विषय और अधिक प्रासंगिक है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, वहीं यहां क्षेत्रीय जल असमानता बहुत गहरी है। कहीं बाढ़ की समस्या, तो कहीं सूखा। दोनों ही स्थितियों में महिलाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने भारत में हर घर नल से जल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इससे कई क्षेत्रों में महिलाओं का समय बचा है, जिसे वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में लगा पा रही हैं। इससे स्पष्ट है कि जब पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, तो समानता की दिशा में भी ठोस प्रगति होती है। पानी को यदि केवल संसाधन मानकर देखा जाएगा, तो समाधान भी सीमित रहेंगे। लेकिन जब पानी को मानव अधिकार और सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से देखा जाता है, तब नीतियां अधिक समावेशी बनती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता को मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी है। यानी समाज में पानी की उपलब्धता केवल सुविधा नहीं, बल्कि अधिकार है, और इस अधिकार से किसी भी वर्ग को वंचित नहीं किया जा सकता। लैंगिक समानता के बारे में जरूरी है कि जल क्षेत्र में महिलाओं को नेतृत्व के मौके मिलें। इंजीनियरिंग, योजना निर्माण, प्रशासन और निगरानी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से जल प्रबंधन अधिक संवेदनशील व व्यावहारिक बनेगा। महिलाएं जल संकट को केवल आंकड़ों के रूप में नहीं, बल्कि रोजमर्रा जीवन के अनुभव के रूप में समझती हैं। यही अनुभव नीतियों को जमीन से जोड़ता है। विश्व जल दिवस 2026 सोचने पर मजबूर करता है कि जल संकट का हल केवल पाइपलाइन, टंकी या परियोजनाओं से नहीं होगा। इसके लिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है। जब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा कि पानी की कमी असमानता पैदा करती है, तब तक समाधान अधूरा रहेगा। समानता का अर्थ सिर्फ अधिकार देना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और निर्णय में भागीदारी भी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की रक्षा और समाज में जागरूकता फैलाना, ये सभी कदम समानता में योगदान देते हैं। विश्व जल दिवस 2026 का संदेश अत्यंत स्पष्ट और दूरगामी है। पानी और समानता को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। जहां पानी सुरक्षित, सुलभ और समान रूप से उपलब्ध होगा, वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय मजबूत होंगे। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि जल संकट का समाधान तभी टिकाऊ होगा, जब उसमें महिलाओं और पुरुषों दोनों की समान भागीदारी होगी। जहां पानी बहता है, वहीं एक न्यायपूर्ण और समानता वाले समाज की नींव मजबूत होती है।

**- दीपक कुमार शर्मा**

## तिरछी-नजर




### युद्ध कांड ने लिखा सिलेंडर पुराण

मैं एक सिलेंडर हूं। लोहे का बना हूं, पर मेरा भीतर का खालीपन आजकल किसी चुनाव हार चुके नेता के दफ्तर जैसा है-जहां केवल सन्नाटा और मायूसी का कब्ज़ा रहता है। इस सिलेंडर पुराण की कथा वहीं से शुरू होती है, जहां से आम आदमी की सहनशक्ति खत्म होती है। लोग कहते हैं कि लोहा मज़बूत होता है, पर कभी उस लोहे की आत्मा से पूछिए जो तपती धूप में गैस एजेंसी के बाहर पिछले छह घंटों से एक अदद नंबर आने के इंतज़ार में खड़ा है।

इस पुराण का दूसरा अध्याय युद्ध कांड है। दुनिया के किसी भी कोने में बारूद महके, यूक्रेन में बम फटे या खाड़ी देशों में किसी तानाशाह की भौंहें टेढ़ी हों-सबसे पहले मेरी सांसें फूलने लगती हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का सीधा संबंध मेरी खाली कोख से है। उधर मिसाइलें चलती हैं, इधर मेरा दाम रॉकेट हो जाता है। लोग कहते हैं, युद्ध से मानवता का नुकसान होता है। मैं कहता हूं, युद्ध से मेरी फिलिंग का अपमान होता है। रूस और यूक्रेन की जंग ने मुझे यह सिखा दिया कि भूगोल की किताबें भले ही स्कूल में काम आएं, पर असली जियो-पॉलिटिक्स तो रसोई के चूल्हे पर तय होती है। जब तक वहां शांति समझौता नहीं होता, यहां मेरी रगों में गैस का संचार नहीं होता।

पुराण के पन्नों को पलटें तो स्मृति कांड आता है। मुझे याद है वो कोविड का भयावह दौर। तब मैं ऑक्सीजन का अवतार बनकर देवदूत कहला रहा था। लोग मुझे सीने से लगा रहे थे, रात-रात भर मेरे लिए जाग रहे थे, मेरी आरती उतार रहे थे। आज मैं एलपीजी के रूप में हूं, तो लोग मुझे देखते ही गालियां बकने लगते हैं। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे किसी फिल्म में विलेन का रोल करने के बाद हीरो को मोहल्ले की दुकान पर उधार न मिले। तब मैं जीवन बचा रहा था, अब मैं कच्ची दाल पका रहा हूं। पर विडंबना देखिए, तब भी मैं लाइन में था, अब भी मैं लाइन में हूं। लगता है मेरी कुंडली में शनि नहीं, साक्षात लाइन बैठी है।

आजकल बाज़ार में कमर्शियल सन्नाटा छाया है। सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों पर ऐसी टेढ़ी नज़र डाली है कि बेचारे रेस्टोरेंट वाले अब चूल्हे की जगह मोमबत्ती पर तवा गर्म करने की सोच रहे हैं। ढाबों पर शांति का वास है। वह जो पनीर टिक्का की मदहोश करने वाली खुशबू आती थी, अब वहां केवल जीएसटी की कड़वाहट और महंगाई की महक आती है। कमर्शियल सिलेंडर क्या बंद हुए, शहर के आधे प्रेमियों की डिनर डेट ही कैंसिल हो गई। अब लोग अपनी प्रेमिका को रेस्तरां ले जाने के बजाय, उसे गैस की लाइन में खड़े होकर अपनी व्यथा सुनाना ज़्यादा प्रैक्टिकल समझते हैं।

इस देश में ईमान और सिलेंडर दोनों ही खाली पड़े हैं, बस उन्हें भरने की लाइनें अलग-अलग हैं। सिलेंडर तो फिर भी एजेंसी पर तीन दिन बाद मिल जाएगा, पर उस नैतिकता का क्या जो ब्लैक में भी उपलब्ध नहीं है?

**- पंकज प्रसून**

# चुनावों में संयम-समझदारी दिखाएं राजनेता

देश के पांच राज्यों में चुनावों की घोषणा हो गयी है। अब चुनाव-प्रचार में तेज़ी आयेगी। इस तेज़ी का एक मतलब नेताओं के भाषणों में तेज़ी आना है। वैसे भी, हमारे नेता, चाहे वे किसी भी दल वाले हों, बोलने में किसी से पीछे नहीं हैं, पर अब यह बड़बोलापन और उभर कर सामने आयेगा। हमारे नेता कभी भी, कहीं भी, कुछ भी बोल सकते हैं। ताज़ा उदाहरण असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा है। एक समाचार-चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने घोषणा कर दी है कि वर्ष 2031 तक वे असम के सभी कांग्रेसी नेताओं को अपने दल, यानी भाजपा, में समाहित कर लेंगे। यह कहकर वे बताना चाहते थे कि अगले पांच साल में, वे असम राज्य को कांग्रेस-विहीन बना देंगे। दस साल पहले कुछ ऐसा ही नारा भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी दिया था-वे देश को कांग्रेस मुक्त बनाना चाहते थे। वैसे उन्हें अधिकार है अपनी बात को अपने ढंग से समझाने का, पर सामान्य समझ यह बताती है कि इन नेताओं का लक्ष्य या उद्देश्य देश की राजनीति को एकदलीय बनाना है। हमारे जनतंत्र में ऐसा होना न तो वांछित है, न ही संभव, पर ऐसा इरादा रखनेवालों को कौन रोक सकता है? हमारा भारत बहुत बड़ा देश है। आसेतु-हिमालय यहां अनेक धर्म हैं, अनेक विचारधाराएं हैं। देश के हर नागरिक को अधिकार है अपनी बात कहने, अपनी बात समझाने का, अपनी विचारधारा के प्रचार-प्रसार का। हर नागरिक को यह भी अधिकार है कि वह दूसरे को गलत सिद्ध करने की कोशिश करे। शर्त बस यह है कि वह यह काम तार्किक ढंग से, विवेकशील तरीके से करे-- यह सब करते हुए दूसरे के इस अधिकार को भी स्वीकारे कि उसे भी अपनी बात कहने का उतना ही अधिकार है। बात सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की नहीं है, बात एक ऐसी व्यवस्था को भी स्वीकारने की है जिसे हमने अपने लिए चुना है। हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था में अलग-अलग विचारों को रहने-पनपने के अवसर हैं। हर रंग के फूल खिलें, हर फूल की अपनी गंध हो। रंग और गंध की यह विभिन्नता हमारे बगीचे का सौंदर्य है और यह विभिन्नता हमारी ताकत भी है। बनी रहनी चाहिए यह विभिन्नता, ताकि हमारी ताकत भी बनी रहे। देश में एकता का मतलब यह है कि विभिन्न धर्मों, जातियों, वर्गों का होने के बावजूद हमारे भीतर यह अहसास बना रहे कि हम सब इस देश के नागरिक हैं, देश के हित में ही हम सबका हित निहित है। इसका मतलब यह भी है कि विभिन्न विचारधाराओं का मतलब यह नहीं है कि हम एक-दूसरे के दुश्मन हैं। हम एक-दूसरे के विरोधी हो सकते हैं, एक-दूसरे को गलत मान सकते हैं, बता सकते हैं। पर हम यह कदापि नहीं चाहेंगे कि दूसरे की कीमत पर हम अपना हित साधें। हमें एकता और एकरूपता के अंतर को पहचानना होगा। एकरूपता चाहने का मतलब है दूसरे के अस्तित्व को नकारने की कोशिश करना, जबकि एकता हमें साथ मिलकर आगे बढ़ने का अवसर देती है, अर्थ समझाती है। एकता हमें बताती है कि हमारा हित एक-दूसरे के साथ होने, साथ जीने में है, जबकि एकात्मकता का अर्थ है भिन्नता का मिट जाना। किसी अस्तित्व का इस तरह का नकार आध्यात्मिक अर्थों में भले ही आकर्षक लगता हो, पर लौकिक जीवन में यह %अद्वैत' समस्याओं को जन्म देने वाला ही हो सकता है। %आओ, साथ जियें%, और %मेरे साथ जीने के लिए तुम मिट जाओ% के अंतर को हमें समझना होगा। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो, किसी भी विचारधारा का हो, अच्छा भी हो सकता है, बुरा भी हो सकता है। पर वह इसलिए अच्छा या बुरा नहीं है कि वह किसी धर्म या किसी विचारधारा को मानता है। विभिन्न विचारों, धर्मों का होने के बावजूद हम साथ रह सकते हैं, यह साथ रहना ही हमारी एकता है। एक-दूसरे को अपना मानना हमारी ताकत है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां इतने सारे धर्म मिल-जुलकर रह रहे हैं, पनप रहे हैं। यह सही है कि सब धर्मों की अपनी जीवन-शैली और मान्यताएं हैं, और यह भी सही है कि हमारा संविधान हर नागरिक को अपने धर्म के प्रचार-प्रसार का अधिकार देता है। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि अपने धर्म के प्रसार के नाम पर कोई दूसरे धर्म के प्रति नफरत का भाव फैलाये। अपने धर्म की विशेषताओं को बताने-समझाने का मेरा अधिकार मुझे यह अधिकार नहीं देता कि मैं दूसरे के धर्म के प्रति अनुचित शब्दों का इस्तेमाल करूं अथवा गलत भावनाएं फैलाऊं। बहरहाल, यह एक दुखद स्थिति है कि आज देश में राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए धर्म के नाम पर अनुचित माहौल बनाया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री ने जब राज्य के सारे कांग्रेसियों को भाजपाई बनाने वाली बात कही थी तो उन्होंने %एक को छोड़कर% शब्दों का इस्तेमाल भी किया था। उनका स्पष्ट इशारा किसी अल्पसंख्यक नेता की ओर था। धर्म-विशेष का नाम लेकर सांप्रदायिकता को हवा देने वाले इस तरह के विचार-व्यवहार के लिए जनतांत्रिक भारत में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। दुर्भाग्य की बात तो यह भी है कि धर्म के नाम पर यह वैमनस्य-भाव फैलाने की प्रवृत्ति सड़क से लेकर संसद तक फैलती दिख रही है। पिछले कुछ सालों में हमने देखा है कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए हमारे कुछ सांसद इस संदर्भ में आपराधिक प्रवृत्ति का परिचय दे रहे हैं। यह प्रवृत्ति घातक है, और खतरनाक भी। यह भी कम बड़ी त्रासदी नहीं है कि हमारे नेता, विधायक से लेकर मंत्री तक, खुलेआम साम्प्रदायिकता फैलाने की बातें कर रहे हैं। अलीगढ़ के एक सांसद, महाराष्ट्र के एक मंत्री और एक केंद्रीय मंत्री के हालिया बयान चौंकाने वाले भी हैं, और डरावने भी। यह प्रवृत्ति रुकनी ही चाहिए। आज, जबकि देश के पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा हो चुकी है, और प्रचार-कार्य ज़ोर पकड़ रहा है, इस बात की आवश्यकता कहीं अधिक है कि हमारे राजनेता संयम और समझदारी का परिचय दें। वैसे तो पिछले एक अर्से से हम देख रहे हैं कि हमारे नेता चुनावी मानसिकता से उबर ही नहीं पाते। कुछ कहने-करने का उनका अंदाज़ ही चुनावी हो गया है-चुनावी अर्थात्‌ अपने विरोधी को दुश्मन की तरह देखने का अंदाज़। राजनीति का यह स्वरूप भयावह है। जनतंत्र भले ही बहुमत के शासन का एक स्वरूप हो, पर इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि बहुलतावाद हमारी राजनीति का मुख्य चेहरा बन जाये। फिर, बहुमत के शासन का यह अर्थ भी नहीं है कि अल्पमत के अस्तित्व को ही नकराने का अवसर मान लिया जाये। सच तो यह है भारत जैसे देश में बहुमत का यह कर्त्तव्य भी बनता है कि वह अल्पमत को संरक्षण दे।

**- विश्वनाथ सचदेव**

### जंग के बीच ईरान का बड़ा ऐलान

# अमेरिका के लिए नहीं बचा रास्ता

तेहरान

मिडिल ईस्ट में तेज होती जंग के बीच ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत खत्म करने का ऐलान कर दिया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका धोखेबाज है जिसने भरोसे को कई बार तोड़ा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि अमेरिका ने बार-बार कहा कि कोई सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बावजूद इसके उसने हमला किया और ईरान के भरोसे को चकनाचूर कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक वीडियो में अरागची ने कहा, अमेरिका के साथ बातचीत हमेशा के लिए खत्म हो गई हैज् उनके साथ हमारा अनुभव बेहद कड़वा रहा है और हमें धोखा मिला है। हमसे वादा किया गया कि हमला नहीं होगा लेकिन हम पर हमले किया गया। उन्होंने आगे कहा कि हालिया हमलों ने ईरान और अमेरिका के बीच बची हुई कूटनीतिक गुंजाइश को भी खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, हमने पिछले साल जून में उनके (अमेरिका के) साथ बातचीत की थी,



लेकिन उन्होंने बातचीत के बीच में ही हम पर हमला कर दिया। फिर इस साल उन्होंने हमसे यह कहा कि इस बार हालात अलग हैं। उन्होंने वादा किया कि वो हम पर हमला नहीं करेंगे और ईरान के परमाणु मुद्दे को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहते हैं, ताकि कोई समझौता किया जा सके। अब्बास अरागची ने आगे कहा, हमने आखिरकार उनकी बात मान ली, लेकिन तीन दौर की बातचीत के बाद, जब उनकी ही टीम कह रही थी कि बातचीत काफी अच्छी जा रही है, तभी उन्होंने हम पर हमले शुरू कर दिए।

#### वार्ता की गुंजाइश नहीं बची

वीडियो के अंत में अरागची ने कहा, अब अमेरिका के साथ बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं बची है। यह अब हमारे एजेंडे में नहीं है। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो ईरान क्षेत्र में अमेरिका के सहयोगी देशों के ऊर्जा और पानी के ठिकानों पर हमले बढ़ा देगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने भी चेतावनी दी कि बिजली संयंत्रों पर हमला युद्ध अपराध माना जा सकता है, क्योंकि यह अंधाधुंध और असंतुलित कार्रवाई होगी।

#### चौथे हफ्ते में पहुंची ईरान जंग

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की जंग अब चौथे हफ्ते में पहुंच चुकी है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका उसके बिजली संयंत्रों पर हमला करता है, तो वह होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह बंद कर सकता है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की करीब 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति संभालता है, इसलिए बेहद अहम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान स्ट्रेट नहीं खोलता, तो उसके बिजली ढांचे पर हमले किए जा सकते हैं, जिससे तनाव और बढ़ गया है।

## लंदन में यहूदी समुदाय पर बड़ा हमला, 4 एम्बुलेंस आग के हवाले

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जंग चल रही है। लेकिन इसकी आंच अब सिर्फ उस इलाके तक सीमित नहीं रही। हजारों किलोमीटर दूर लंदन की सड़कों पर भी इसका असर दिखने लगा है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उत्तरी लंदन में यहूदी समुदाय की 4 एंबुलेंस में आग लगा दी गई। यह एंबुलेंस हत्जोला नाम के एक गैर-सरकारी स्वयंसेवी संगठन की थीं। हत्जोला कोई राजनीतिक संगठन नहीं है। यह एक नेकदिल संस्था है जो मेडिकल इमरजेंसी में लोगों की जान बचाती है, बिना किसी धर्म या जाति का भेद किए। इनकी एंबुलेंस जलाना सिर्फ यहूदी समुदाय पर हमला नहीं इंसानियत पर हमला है। रात करीब डेढ़ बजे आग की खबर मिली। लंदन फायर ब्रिगेड ने तुरंत 6 दमकल गाड़ियां भेजे। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सुबह तीन बजे आग पर काबू पाया गया।




लंदन पुलिस ने इसे यहूदी विरोधी नफरती अपराध बताया है और जांच शुरू कर दी है। एंबुलेंस वाली घटना के साथ ही लंदन पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ब्रिटेन में ईरान समर्थित साजिशों का पता चला है। ये साजिशें ईरान विरोधी लोगों को यानी ब्रिटेन में रहने वाले ईरानी विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थीं। इसके अलावा उन्होंने यह भी चेताया कि ब्रिटेन में इजरायली और यहूदी ठिकानों पर ईरान की तरफ से हमले का खतरा बना हुआ है। और सबसे गंभीर बात यह कोई एक बार का खतरा नहीं है। पुलिस कमिश्नर ने साफ कहा कि यह लंबे समय तक चलने वाला और लगातार बना रहने वाला खतरा है।

### क्यूनेट मल्टी-लेवल मार्केटिंग घोटाले में 30 गिरफ्तार

**हैदराबाद (वार्ता)।** केंद्रीय अपराध स्टेशन पुलिस ने सोमवार को क्यूनेट मल्टी-लेवल मार्केटिंग घोटाले के सिलसिले में 30 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये गिरफ्तारियां समन्वित कार्रवाई के तहत तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में एक साथ की गयी छापेमारी का नतीजा हैं। हैदराबाद और बेंगलुरु में कंपनी से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी लेने के लिए 25 विशेष टीमें तैनात की गयी थीं। यह कार्रवाई सीसीएस में क्यूनेट के खिलाफ मामले दर्ज होने के बाद की गयी थी। सीसीएस ने बताया कि कंपनी ने मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम के बहाने जनता से करोड़ों रुपये जमा किये हैं। इस मामले में विस्तृत विवरण का अभी इंतजार है।

### चुनाव: केंद्रीय बलों को देंगे बंगाली भाषा की जानकारी

**कोलकाता (वार्ता)।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में जिला प्रशासन ने चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात केंद्रीय बलों के जवानों को बंगाली भाषा का बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया है ताकि आम लोगों के साथ संवाद में कठिनाई से बचा जा सके। प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य गलतफहमी को रोकना और मतदाताओं का विश्वास बढ़ाना है। यह कदम जनसंपर्क को मजबूत करने और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

### पुडुचेरी में माकपा 4 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**पुडुचेरी (वार्ता)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नौ अप्रैल को होने वाले पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। यह उल्लेखनीय है कि माकपा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, वीसीके और अन्य दलों से मिलकर बने इंडिया समूह का एक घटक है। केंद्र शासित प्रदेश के माहे क्षेत्र में पार्टी का नियंत्रण माकपा की केरल इकाई के पास है, जो हर विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र की एकमात्र सीट पर उम्मीदवार खड़ा करती थी।

## सैनिक करें देश की सेवा, परिवार की जिम्मेदारी सरकार की: योगी

लखनऊ (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे निश्चिंत होकर देश की सेवा करें, उनके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में उपस्थित सैनिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा एवं आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों के मामलों को प्राथमिकता देते हुए समयसीमा के भीतर उनका उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट



कहा कि जवानों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए लोगों ने पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े प्रकरण भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने एक-एक प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को तय समय में निस्तारण के निर्देश दिए। जमीनी विवादों के मामलों में योगी ने कहा कि सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। वहीं, इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले परिवारों को उन्होंने अस्पताल से अनुमानित खर्च (एस्टिमेट) तैयार कर आवेदन करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और जनसमस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

## फायर ट्रक से टकराया एयर कनाडा विमान, कई घायल

**न्यूयॉर्क (वार्ता)।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाईअड्डे पर रविवार देर रात एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया, जिसमें कई आपातकर्मी घायल हो गए और हवाईअड्डे का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जैज़ एविएशन का बॉम्बार्डियर सीआरजे-900 विमान मॉन्ट्रियल से न्यूयॉर्क पहुंचा और आने के बाद गेट की ओर जा रहा था, तभी रनवे-4 पर उसकी टक्कर फायर ट्रक से हो गयी। स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया गया है कि इस हादसे में कम से कम चार दमकलकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। विमान में सवार लगभग 100 यात्रियों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।




घटना के बाद दमकल, एंबुलेंस और पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे के बाद अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने च्एयरक्राफ्ट इमरजेंसीज् का हवाला देते हुए ला गार्डिया आने वाली सभी उड़ानों पर अस्थायी रोक लगा दी। इससे पहले भी खराब मौसम के कारण हवाईअड्डे का संचालन प्रभावित रहा था।

### दूरदर्शन-आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण समय के लिए दलों को डिजिटल वाउचर आवंटित

नई दिल्ली (वार्ता)

चुनाव आयोग ने असम, केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी में विधान सभा चुनाव के दौरान वहां चुनाव लड़ने वाले राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर नि:शुल्क प्रसारण-समय के लिए डिजिटल वाउचर आवंटित किए हैं। आयोग ने सोमवार को कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 39 ए के तहत असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनावों के दौरान दूरदर्शन और आकशवाणी पर राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रसारण और टेलीकास्ट समय आवंटित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इस निर्देश के अनुसार आईटी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम इन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को विधान सभा चुनावों हेतु डिजिटल समय वाउचर जारी किए गए हैं। इन चुनावों में इन सरकारी प्रसारण संस्थानों पर प्रसार की अवधि प्रत्येक चरण में उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित होने की तिथि से लेकर मतदान की तिथि से दो दिन पहले तक निर्धारित की जाएगी। टेलीकास्ट का कार्यक्रम राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों और संबंधित राज्य केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी (ड्रॉ) के माध्यम से अग्रिम रूप से तय किया जाएगा। इस योजना के तहत, प्रत्येक राजनीतिक दल को दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो दोनों पर 45 मिनट का न्यूनतम समय नि:शुल्क प्रसारण और टेलीकास्ट के लिए आवंटित किया गया है, जिसे राज्य के क्षेत्रीय नेटवर्क पर समान रूप से प्रदान किया जाएगा। पिछले विधानसभा चुनावों में प्रदर्शन के आधार पर राजनीतिक दलों को अतिरिक्त समय भी दिया गया है। राजनीतिक दलों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अग्रिम रूप से ट्रांसक्रिप्ट और रिकॉर्डिंग जमा करनी होगी। रिकॉर्डिंग प्रसार भारती द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों को पूरा करने वाले स्टूडियो में या दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों में की जा सकती है।

## शंकराचार्य ने किया 'चतुरंगिणी सेना' का गठन

वाराणसी (वार्ता)

ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को श्री विद्यामठ में गौ-माता, ब्राह्मण और अन्य सनातनी प्रतीकों की रक्षा तथा निर्बल सनातनियों की सहायता के लिए शंकराचार्य चतुरंगिणी (शं.च.) सेना के गठन की औपचारिक घोषणा की। शंकराचार्य ने कहा कि वर्तमान संक्रमण काल में गौ-माता, विद्वान ब्राह्मण और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े निर्बल सनातनियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में केवल शास्त्र-चर्चा पर्याप्त नहीं है। भगवान परशुराम के अमर संकल्प को पुनर्जीवित करते हुए आज शंकराचार्य चतुरंगिणी सेना के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह सेना विशुद्ध रूप से धर्म-प्रतीकों की रक्षा और समाज के निर्बल सनातनियों की सहायता के लिए समर्पित होगी।



सेना का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के भीतर भय को समूल नष्ट करना है ताकि किसी भी सनातनी को अन्याय का प्रतिकार करने या सत्य बोलने में तनिक भी संकोच न हो। सेना का संचालन प्राचीन भारतीय सैन्य विज्ञान के आधार पर नौ स्तरीय पदानुक्रम में होगा। पदनाम क्रमश: पत्तिपाल, सेनामुखपति, गुल्मपति, गणपति, वाहिनीपति, पृतनापति, अनीकिनीपति और महासेनापति होंगे। संगठन के सर्वोच्च शिखर पर एक शं.च. परमाध्यक्ष होंगे, जिनके अधीन तीन शं.च. सर्वाध्यक्ष (सह-सर्वाध्यक्ष एवं संयुक्त सर्वाध्यक्ष सहित) कार्य करेंगे। इसमें पुरुष, स्त्री और तृतीय लिंग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सेना को चार प्रमुख अंगों मनबल, तनबल, धनबल और जनबल में विभाजित किया गया है। मनबल के अंतर्गत संत, विद्वान, पुरोहित, वकील और मीडिया विभाग बौद्धिक मोर्चा संभालेंगे। तनबल के योद्धा मल्ल-युद्ध, लाठी, परशु, खड्ग और आधुनिक शस्त्र संचालन के माध्यम से प्रत्यक्ष रक्षा करेंगे। धनबल सेना का पोषक आधार होगा, जिसमें प्रकट दाता, अप्रकट दाता, भूमि-दाता, भवन-दाता और वस्तु-दाता शामिल हैं। ये प्रत्यक्ष सैन्य टुकड़ी का हिस्सा नहीं होंगे, बल्कि सेना संचालन हेतु संसाधन उपलब्ध कराएंगे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**




## धुरंधर 2: अक्षय खन्ना की कमी खल

### एक्ट्रेस सौम्या टंडन का शॉकिंग रिएक्शन

नई दिल्ली। फिल्म धुरंधर द रिवेंज की इस वक्त जितनी चर्चा की जाए उतनी कम है। फिल्म की कहानी और किरदार हर तरफ छाए हुए हैं और मूवी कमाई के मामले में धमाकेदार प्रदर्शन करती हुई नजर आ रही है। इस बीच धुरंधर 2 एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने मूवी में अपने कैरेक्टर को लेकर खुलकर बात की है। साथ ही सौम्या ने इस बात का भी खुलासा किया है कि उन्हें धुरंधर द रिवेंज में रहमान डकैत यानी अक्षय खन्ना की कमी काफी खली है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या-क्या कहा है। हाल ही में अभिनेत्री सौम्या टंडन ने वैराइटी इंडिया को एक लेटेस्ट इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उन्होंने मूवी में अपने छोटे से कैरेक्टर और अक्षय खन्ना को लेकर खुलकर बात की है। एक्ट्रेस ने बताया है- बेशक, एक दर्शक के तौर पर मैंने उन्हें (अक्षय खन्ना) बहुत मिस



किया। पहली फिल्म (धुरंधर पार्ट-1) में उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया था। लेकिन फिर यह एक कहानी है, जो उनकी मौत के बाद आगे बढ़ती है। धुरंधर 2 में मेरा रोल काफी छोटा रहा है। सच कहूं तो धुरंधर 2 में मेरे पास करने के लिए अधिक कुछ नहीं । मेरा एक सीन है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, लेकिन मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहूंगी। क्योंकि मुझे लगता है कि पहले लोगों को फिल्म देखनी चाहिए। मैं बस इतना बताना चाहूंगी कि यह एक बहुत ही इंटेंस सीन है, जो असल में रहमान डकैत की मय्यत का है। उनकी पत्नी के रोल के रूप में यह एक बहुत ही मुश्किल सीन है क्योंकि वह फिर से बहुत गुस्से में है और साथ ही वह एक ऐसी सिचुएशन में है, जहां उसके जहन में कई सवाल उमड़ रहे हैं। कुल मिलाकर कहें तो वह बेहद बेबस है। मालूम हो कि सौम्या टंडन ने धुरंधर में रहमान डकैत की पत्नी उल्फत रहमान का किरदार अदा किया है।

## हनीमून के लिए थाइलैंड पहुंचे रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा

### प्रकृति की खूबसूरत वादियों से रोमांटिक तस्वीर वायरल

थाइलैंड में विजय और रश्मिका एक प्राइवेट **Airbnb** विला में रुके थे. यह एक बहुत बड़ी प्रॉपर्टी थी, जहां से समुद्र तट का नजारा दिखता था. उन्होंने किसी पारंपरिक लक्जरी रिसॉर्ट के बजाय ज्यादा निजी और व्यक्तिगत अनुभव को चुना. रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने हाल ही में ग्रैंड वेडिंग की. अब दोनों थाईलैंड के कोह समुई में रोमांटिक हनीमून पर हैं. जहां से तस्वीरें वायरल हो रही हैं. लेटेस्ट तस्वीरों में कपल एक-दूसरे पर प्यार लुटाता नजर आया. एक तस्वीर में दोनों सीढ़ी पर खड़ें हैं और एक दूसरे को हग करते दिख रहे हैं. कैजुअल कपड़ों में दोनों बेहद प्यारे लग रहे हैं और एक दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं. बैकग्राउंड में प्रकृति की खूबसूरती और घने पेड़ दिखाई दे रहे हैं. यह एक बहुत बड़ी प्रॉपर्टी थी, जहां से समुद्र तट का नजारा दिखता था. उन्होंने किसी पारंपरिक लक्जरी रिसॉर्ट के बजाय ज्यादा निजी और व्यक्तिगत अनुभव को चुना. अपनी शादी के जश्न की तरह ही उनका वेकेशन भी उनकी पसंद की अनुसार था. उन्होंने ऐसी जगह चुनी जो उन्हें एकदम असली और अपनी लगी।



#### विजय-रश्मिका की शादी के बारे में

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी 26 फरवरी को उदयपुर में हुई थी. उदयपुर में शादी के कुछ दिनों बाद, इस कपल ने 4 मार्च को हैदराबाद में अपने इंडस्ट्री के दोस्तों के लिए एक रिसेप्शन रखा. शादी के बाद कपल ने भारत के कई शहरों में मिठाइयां बंटवाने का इंतजाम किया. ङ्ग पर शेयर किए गए एक नोट में कपल ने लिखा, इस देश के प्यारे लोगों के लिए. आप हमेशा हमारी जिंदगी के सफर और हमारे प्यार का हिस्सा रहे हैं. आप सभी के साथ अपनी शादी का जश्न मनाना हमारे लिए सचमुच बहुत खुशी की बात होगी उन्होंने आगे कहा, इसलिए 1 मार्च को हम पूरे देश में प्यार और मिठाइयों से भरे ट्रक भेज रहे हैं, ताकि हमारी ज़िंदगी के इस बड़े पल को आप सभी के साथ बांट सकें. हम पूरे देश के कई मंदिरों में अन्नदान भी करेंगे. आप सभी का आशीर्वाद चाहते हैं. प्यार के साथ, विजय और रश्मिका।

# गणगौर पर्व का शोभायात्रा के साथ समापन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय माहेश्वरी और राजस्थानी समाज की महिलाओं व्दारा सामुहिक रूप से विभिन्न स्थानों पर लोकपरम्पराओ व मान्यताओं के संवर्धन की दिशा में अनेक पावन पर्व मनाये जाने की श्रृंखला में सौलह दिवसीय गणगौर पर्व का तीन दिन शोभायात्रायो के साथ समापन हो गया। अंतिम दिवस शोभायात्रा रामकुमार काबरा चावड़ी के यहां से प्रारंभ होकर कमल किशोर राठी के यहां से बंसत बृजमोहन जोशी (कन्नूर महाराज) के यहां से गणगौर विग्रह लेते हुए वल्लभ मार्केट परिसर में पूजा अर्चना व विभिन्न परम्परागत नृत्य शैली और लोक गीत गायन के साथ समारोप उत्साह और उमंग के साथ हुआ अनेक वर्षों से लगातार यह क्रम निरन्तरता बनाये हुए हैं। लोक आस्था के इस राजस्थानी महापर्व पर भगवान शिव और पार्वती जी के



रूप में ईसुरजी गणगौर स्वरूप की पूजा की जाती है /इस दिन महिलाओं व्दारा सौभाग्यकांक्षणी आभूषणों, परिधानों के अलावा मेंहदी, और श्रृंगारित स्वरूप में उत्साहित मनोभाव के साथ झालावारना(सामूहिक गीत गायन) व आपस में एक दूसरे से मिलकर, बडो से आशीर्वाद प्राप्त कर सौभाग्य, समृद्धि और आरोग्यता की कामना करती है/वहीं दूसरी ओर शोभायात्रा में सजातीय बंधुओं ने शुभ्र परिधानों को पहन कर शामिल हुए और शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया /उल्लेखनीय है कि अनेक वर्षों पहले यह समापन शक्कर नदी के किनारे छिड़ाव घाट पर होता था किन्तु प्रकृतिवश नदी में पानी न होने क्रम बदलने के साथ ही जंवारे पूजा सामग्री का नर्मदा नदी में विर्सजन किया जाने लगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सजातीय संगठन के सभी ईकाईयों का योजन सराहनीय रहा।



# रोमिल ठाकुर को सीएम ने किया सम्मानित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस राजधानी भोपाल के होटल हयात में प्रदेश के एक निजी चैनल द्वारा आयोजित पँख खेल प्रोत्साहन पुरुस्कार कार्यक्रम में नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन गाडरवारा की 12 वी कक्षा की छात्रा रोमिल ठाकुर को प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरुप छात्रा रोमिल को 50000 रू की राशि का चैक एवं मैडल प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि रोमिल ठाकुर ने राष्ट्रीय शालेय कबड्डी में मप्र की टीम से शामिल होकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर पीटीआई विक्रम शर्मा भी साथ रहे। छात्रा रोमिल के सम्मानित होने पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनीता यादव, जिला कल्याण निरीक्षक अनुज जैन, सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य लेखा कौरव, खेल शिक्षक विक्रम शर्मा सहित स्कूल स्टॉफ व साथी छात्राओं ने प्रसन्नता जताई है।

# रामनवमी पर निकलेगी श्रीराम रथ यात्रा

## कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह यात्रा में होंगे शामिल

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर में रामनवमी की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम की भव्य एवं दिव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह रथ यात्रा पिछले 17 वर्षों से लगातार श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली जा रही है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को सेवा सदन पहुंचकर रथ यात्रा में शामिल होने हेतु विधिवत आमंत्रण दिया गया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए मंत्री सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि वे



इस धार्मिक आयोजन में अवश्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में एकता, सद्भाव और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, मोनू बरैहया, सचिन जैन, चंकी दीक्षित, अभिषेक सराठे, आशीष राय, संजय गुप्ता एवं विवेक घारु सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रथ यात्रा को लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजक समिति द्वारा इसे भव्य स्वरूप देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रामभक्तों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मकानों की गणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण जनपद कार्यालय परिसर नरसिंहपुर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तहसील व नगर परिषद गोटेगांव, तहसील व नगर परिषद गाडरवारा, नगर पालिका सालीचौका, नगर परिषद चीचली और तहसील व नगर पालिका तेंदूखेड़ा के लिए 23 मार्च से 25 मार्च तक प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह तहसील व नगर पालिका नरसिंहपुर, तहसील व नगर पालिका करेली और तहसील व नगर पालिका सांईखेड़ा के लिए 30 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन में राहत समर्पण सेवा समिति ने लगाया प्याऊ

## जल कुंड की सफाई और जनजागरूकता से भावविभोर हुआ विजयराघवगढ़

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ समाज सेवा और जनजागरूकता का भाव जब एक साथ जुड़ता है तो वह केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रेरणा बन जाता है। ऐसा ही प्रेरणादायक और भावविभोर कर देने वाला आयोजन विजयराघवगढ़ में देखने को मिला जहां विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन में राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की गई। म.प्र. जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का प्रथम चरण नवांकुर संस्था राहत समर्पण सेवा समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन एवं आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल बचाने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात ऐतिहासिक झपवान नदी के जल कुंड की साफ-सफाई के लिए व्यापक श्रमदान किया गया। जो जल कुंड पहले गंदगी से घिरा हुआ था वह अब स्वच्छ और आकर्षक रूप में नजर आने लगाए जो सामूहिक प्रयास का जीवंत उदाहरण है। विश्व जल दिवस के अवसर पर वृक्ष पूजन भूमि पूजन एवं जल स्त्रोत पूजन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही आरती और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए लोगों को इस अभियान से जोड़ा गया। इस अवसर पर राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा अपने कार्यालय के समीप जल मंदिर प्याऊ की स्थापना पूजा-अर्चना के साथ की गई, जो आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और मानवीय पहल है।

कार्यक्रम में समाजसेवियों एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू, चंद्रभान पाल, विक्रम यादव, सौरभ साहू तथा नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, सचिन गुप्ता सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संदेश दिया गया कि पानी जीवन का आधार है इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# देशी सुअर मार बम लेकर घूमने वाले दहशत गर्दी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** थाना रंगनाथनगर कटनी के अपराध क्रमांक 128/2026 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम प्रकाश उर्फ पिक्कू पाण्डेय पिता स्व राम प्रमोद पाण्डेय उम्र 30 साल निवासी लखेरा राधा कृष्ण जी के मंदिर के पीछे थाना रंगनाथनगर 21 मार्च को दौरान पेट्रोलिंग के सूचना मिली की एक व्यक्ति का काली क्रीम कलर की टीशर्ट व ब्लैक कलर का लोवर पहने है जो नया गांव लखेरा पाण्डेय का बगीचा के पास एक देशी सुअर मार बम लिये अपराध करने की नियत से घूम रहा है जो रंगनाथनगर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुची जहा देखा कि एक व्यक्ति जिलेटिन की पन्नी लिये घूम रहा है पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर पकडकर संदेही से उसके हाथ मे लिये पन्नी को खोलकर देखा जो उसके पास रखी पन्नी में एक नग देशी सुअर मार बम सहित गिरफ्तार किया।

# भाण्डेर में आज किसान सम्मेलन

## मुख्यमंत्री करेंगे 62 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

ग्वालियर/दतिया (वार्ता)।

मध्यप्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में 24 मार्च को दतिया जिले के भाण्डेर में कृषि उपज मंडी प्रांगण में विशाल किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस अवसर पर लगभग 62 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितलाभ का वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, विद्युत विभाग, पुलिस, आवास एवं अधोसंरचना विकास तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से जुड़े 55 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 10 कार्यों का लोकार्पण करेंगे, जबकि 7 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 2 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाले प्रमुख कार्यों में पीजी कॉलेज दतिया में विज्ञान संकाय भवन एवं कैंटीन निर्माण, माता रतनगढ़ समग्र विकास योजना अंतर्गत यात्री निवास, पुलिस लाइन में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय भाण्डेर, ततारपुर स्टेडियम तथा पंडोखर धाम एवं रामगढ़ माता मंदिर के पास विश्राम गृह शामिल हैं।

# 5 लापता महिलाओं को खोजकर परिजनों से मिलाया

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी जिले में अपहृत बालिकाओं एवं गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उमरियापान पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन में थाना उमरियापान पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम को अपहृत बालिकाओं एवं गुमशुदा महिलाओं की तलाश हेतु जिला जबलपुर, खरगोन, पुणे महाराष्ट्र, औरंगाबाद एवं नागपुर रवाना किया गया। टीम



द्वारा सतत प्रयास करते हुए निम्न प्रकरणों में सफलता अर्जित की गई- अपराध क्रमांक 317/2025, 06/2026, 30/2026 धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत 03 अपहृत बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया। गुम इंसान क्रमांक 13/2024, 14/2026 के अंतर्गत 02 गुमशुदा महिलाओं को भी खोज निकाला गया। दस्तयाबी उपरांत सभी अपहृत बालिकाओं एवं गुमशुदा महिलाओं को विधिवत उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनों से पुनः मिलकर परिजनों में खुशी का माहौल रहा तथा उन्होंने थाना उमरियापान पुलिस के कार्य की सराहना की।

# भोजशाला निरीक्षण करने धार आएंगे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति

धार (वार्ता)।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला 24 मार्च मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर धार पहुंचकर ऐतिहासिक भोजशाला परिसर का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन स्थल का मुआयना कर उससे जुड़े तथ्यों की जानकारी लेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार न्यायमूर्ति शुक्ला दोपहर लगभग एक बजे धार पहुंचेंगे और सर्किट हाउस से सीधे भोजशाला के लिए रवाना होंगे। निरीक्षण के दौरान पुरातत्व विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की गई है। नौगांव स्थित किले के संग्रहालय पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में भोजशाला से जुड़े मामले में याचिका दायर की गई थी, जिस पर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा विस्तृत सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। हाल ही की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्वयं स्थल का निरीक्षण करने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि मामले में सभी पक्षों से सुझाव और आपत्तियां प्राप्त की जा चुकी हैं। अब मूल याचिकाकर्ताओं के तर्क सुने जाएंगे तथा प्रकरण की अगली सुनवाई 2 अप्रैल से प्रारंभ होगी।

# प्रांतीय शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बने राजेंद्र शर्मा



**करेली।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक एवं लंबे समय से शिक्षकों के अधिकारों के लिए संघर्षरत राजेंद्र शर्मा को प्रांतीय शिक्षक संघ में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष मनोहर प्रसाद दुबे ने, जिला अध्यक्ष राकेश दुबे की अनुशंसा पर, उन्हें प्रांतीय शिक्षक संघ का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री शर्मा की नियुक्ति पर जिले भर के शिक्षक एवं अध्यापक संवर्ग में खुशी का माहौल है। सभी शिक्षक साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों- विशेषकर संविदा शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रकरण को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। गौरतलब है कि प्रांतीय शिक्षक संघ इन मुद्दों को लेकर न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष रखने जा रहा है। ऐसे में श्री शर्मा से अपेक्षा की जा रही है कि वे जिले का सशक्त नेतृत्व करते हुए शिक्षकों के न्याय और अधिक ारों के लिए अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# विश्व जल दिवस पर सम्पन्न हुई संगोष्ठी

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** विश्व जल दिवस के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक- 2 बसुरिया में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा पंचवटी खेरुआ में जल गोष्ठी, पौधरोपण एवं पंचवटी वृक्ष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष मित्र संस्था के संस्थापक श्री योगेन्द्र सिंह, बागेश्वरी साहित्य परिषद के मुख्तयार, श्री संतोष अग्रवाल, श्री आशीष गोलू राय, श्री राजेश पाल सहित नवांकुर संस्था के सदस्य मौजूद थे।

# महिला पर्यावरण संगोष्ठी एवं पर्यावरण साथी सम्मान



करेली।

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव के संचालन, पार्षद ज्योति गौतम जैन के नेतृत्व एवं मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार के सानिध्य में सरस्वती स्कूल में आयोजित महिला पर्यावरण संगोष्ठी उत्साह, संवाद और जागरूकता से संपन्न हुई। प्रेरणादायक महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अपने अमूल्य विचार साझा किए और सामूहिक रूप से प्रकृति बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता के सक्रिय कार्यों के लिए रश्मि पालीवाल को पर्यावरण सखी का सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी महिलाओं को कपड़े की थैली के उपयोग, स्टील/पीतल/तांबे के बर्तनों को बढ़ावा देने, गीलेङ्कसूखे कचरे को अलग रखने, तथा फलों के बीजों का संग्रह कर पौधा तैयार करने जैसे सरल लेकिन प्रभावी उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार ने भी पर्यावरण हित में उपयोगी सुझाव देते हुए डिस्पोज़ल के अत्यधिक उपयोग से बचने और पारंपरिक पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। सभी प्रतिभागी महिलाओं ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने घरों, मोहल्लों और समाज में पर्यावरण संरक्षण को मजबूत दिशा देंगी। इस कार्य को सफल बनाने में बीना ओसवाल, मनीषा काले, आशा जैन, स्वाति जैन, रश्मि दुबे, भारती जैन, आशा कनौजिया, रश्मि झरिया, विनीत गोस्वामी, अर्चना रावत, कविता दुबे एवं अन्य मात्र शक्तियों की उपस्थिति रही।

# सागर में पत्नी की हत्या कर हादसा दिखाने की साजिश

**सागर (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में पत्नी की हत्या कर उसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की साजिश का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी पति और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सानौधा थाना क्षेत्र के चनाटौरिया टोल टैक्स प्लाजा के पास कार में आग लगने की घटना को पहले हादसा बताया गया था, लेकिन जांच में यह मामला हत्या का निकला। गढ़ाकोटा निवासी आरोपी डॉक्टर अपनी पत्नी को कार में लेकर मौके पर पहुंचा था और घटना से पहले मायके पक्ष को फोन कर पत्नी को हार्ट अटैक आने की बात कही थी। बाद में कार में आग लगने को दुर्घटना बताया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी के किसी अन्य महिला से संबंध थे, जिसके चलते पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। इसी के चलते आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची और घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी डॉक्टर सहित उसके सहयोगी नीलेश कुर्मी, रामकृष्ण कुर्मी और शुभम कुर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने इस अपराध में शामिल होने के लिए सहयोगियों को दो-दो लाख रुपये का लालच भी दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# अंडर-15 बालिका क्रिकेट टीम चयन के लिए 25-26 मार्च को ओपन ट्रायल

**भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बीसीसीआई सत्र 2026-27 के लिए अंडर-15 बालिका वर्ग की टीम चयन हेतु 25 एवं 26 मार्च को ओपन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह ट्रायल क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान, कोलार रोड में होंगे। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होना अनिवार्य है। ट्रायल के पहले दिन खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे रिपोर्टिंग करनी होगी। पहले दिन की प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाड़ी ही दूसरे दिन ट्रायल में भाग ले सकेंगे।

# ओलावृष्टि और तेज बारिश से फसलों को भारी नुकसान

## पठार क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में किसान परेशान





कटनी (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार की शाम अचानक मौसम खराब होने से तेज बारिश, तूफान और ओलावृष्टि ने पठार क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में खड़ी गेहूं और चना की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार शाम के समय अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे। इससे खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और चना की फसल जमीन पर गिरकर बिखर गई। कई किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह खेत में बिछ गई है और बालियां झड़ने लगी हैं। रात में ओलावृष्टि होने के कारण किसानों को नुकसान का सही अंदाजा नहीं लग सका, लेकिन शनिवार सुबह जब किसान अपने खेतों में पहुंचे तो फसलों की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। किसानों का कहना है कि गेहूं और चना की फसल लगभग तैयार थी, लेकिन ओलावृष्टि से बड़ी मात्रा में नुकसान हो गया है। प्रभावित किसानों मे राजेंद्र राय बहादुर पटेल, नरेश पटेल, चैना बर्मन, अमर सिंह ठाकुर, अरविंद पटेल, अरविंद सिंह ठाकुर, भूखन राजपाल, संजय राजपाल, प्रकाश ठाकुर, विजय पटेल, रमेश साहू, संजय पटेल, संतु ठाकुर आदि ने स्थानीय विधायक प्रणय पांडेय से मिलकर स्थिति की जानकारी दी है। साथ ही राजस्व विभाग को भी सूचना देकर फसलों के सर्वे और मुआवजे की मांग की है। ओलावृष्टि और बारिश से कूंडा, छपरी, निगझर, पटीराजा, छुरिया, बढ़ैयाखेरा, मसंधा सहित आसपास के कई गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासतौर पर चना की फसल को अधिक क्षति बताई जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन किया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### विधायक ने तत्काल सर्वे कराने कलेक्टर को लिखा पत्र

असमय हुई बारिश और ओला से पठार क्षेत्र में हुई छति को लेकर व्यथित किसानों की समस्या समझते हुए विधायक प्रणय पाण्डे ने जिला कलेक्टर को पत्र के माध्यम से तत्काल सर्वे कराने की बात कही।

### इनका कहना है

ओला एवं तूफान से फसल को नुकसान की जानकारी प्राप्त हुई है मौके पर राजस्व टीम सर्वेकर कार्य कर रही है।

**एसडीएम राकेश चौरसिया**

# शातिर मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार कर 10 चोरी की मोटरसाईकिलें की गई बरामद




कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा अपराधों पर नियंत्रण करने एवं वाहन चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके पालन में अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में 22 मार्च को वाहन चोर मनीष लोधी निवासी रैपुरा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया। थाना रीठी के अप.क्र. 6326 धारा 303 (2) बीएनएस के मामले में पूर्व में आरोपी गणेश साहू तथा पुष्पराज सिंह निवासी रैपुरा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य फरार आरोपी मनीष लोधी पिता नरेश लोधी उम्र 22 साल निवासी ग्राम रैपुरा जिला पन्ना की तलाश की जा रही थी जिसे 22 मार्च को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया गया, आरोपी से थाना क्षेत्र की एवं जिला कटनी में हुई अन्य वाहन चोरियों के संबंध में पूछताछ की गई जिसमें आरोपी द्वारा थाना रीठी, बिलहरी, बाकल एवं कटनी शहर के विभिन्न स्थानों से मोटरसाईकिल वाहनो की चोरी की घटना स्वीकार की गई तथा आरोपी से कुल 10 नग मोटर साईकिल बरामद की गई। बरामद की गई 10 नग मोटरसाईकिल में से 01 मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना थाना रीठी के अप.क्र. 89/26 का मशरूका, 01 मोटरसाईकिल पैशन प्रो थाना बाकल के अप.क्र. 121/26 का मशरूका, 02 मोटरसाईकिल क्रमशः हीरो कंपनी की एच एफ डीलक्स एवं होंडा लिवो थाना कोतवाली के अप.क्र. 284/26 एवं 286/26 का मशरूका, 01 मोटरसाईकिल टीव्हीएस रैडॉन चौकी बिलहरी के अप.क्र. 11/26 का मशरूका होना पाया गया है शेष जप्तशुदा वाहनो के संबंध में विवेचना जारी है। आरोपी मनीष लोधी काफी शातिर किस्म का वाहन चोर है जिसके विरूद्ध पूर्व से थाना रीठी में वाहन चोरी के 03 प्रकरण, थाना रंगनाथनगर में 01 प्रकरण, थाना माधवनगर में 02 प्रकरण, थाना कोतवाली तथा कुठला में 01-01 प्रकरण कटनी जिले में कुल 08 प्रकरण वाहन चोरी के पंजीबद्ध होना पाये गये हैं। आरोपी से वाहन चोरियों के संबंध में जानकारियां एकत्र कर आगे विवेचना की जा रही है। मामले में समीम खान पिता अजीम खान निवासी रैपुरा द्वारा चोरी का वाहन कय करने पर मामले में 317 (2) बीएनएस का ईजाफा कर प्रकरण में आरोपी बनाया गया है प्रकरण विवेचना में है आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# मोबाइल टावर से केबिल चोरी करने वाला आदतन अपराधी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज को भय मुक्त एवं निर्बाध जीवन यापन का वातावरण देने बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में 22 मार्च के कुठला पुलिस को इण्डस टावर इन्द्रानगर में केबिल चोरी करने वाले आरोपी शिब्बू चौधरी को पकड़ने में में सफलता प्राप्त हुई है । सूचनाकर्ता नरेश कुमार ठाकुर पिता श्रीराम सिंह ठाकुर उम्र 42 वर्ष निवासी पी डब्लू डी कॉलोनी थाना माधवनगर द्वारा थाना में रिपोर्ट की गई कि इण्डस टावर में टेक्नीशियन के पद पर पिछले 10-12 वर्षों से कार्यरत है तथा विभिन्न टावरों का देखरेख व मेंटेनेंस कार्य करता है। 20 मार्च को दोपहर करीब ढ़ाई बजे इन्द्रानगर बायपास स्थित टावर बन्द होने की सूचना पर निरीक्षण हेतु पहुँचा, जहां देखा कि इन्द्रानगर निवासी शिब्बू चौधरी टावर की लगभग 100 मीटर पावर केबल कीमत 25,000 रुपये को काटकर ले जा रहा था जिसे आवाज देने पर शिब्बू चौधरी मौके से भाग गया जिसकी सूचना पर आरोपी शिब्बू चौधरी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई जिसके पश्चात मामले के आरोपी शिब्बू चौधरी की पता तलाश की जा रही थी उसी दौरान थाना कुठला पेट्रोलिंग टीम को इन्द्रानगर बायपास यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति संज्ञेय अपराध करने के आशय से बैठा मिला जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम शिब्बू चौधरी पिता बृजमोहन चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी गली नम्बर 9 थाना कुठला का होना बताया जिसके कब्जे से धारदार तलवार को जप्त किया जाकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध पृथक अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी शिब्बू चौधरी द्वारा 20 मार्च को इण्डस टावर इन्द्रानगर में केबिल चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपी द्वारा चोरी की गई केबिल को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश करने पर जेल भेज दिया गया है।

# नगर निगम में मंगलवार को महापौर जनसुनवाई

## सुबह 11 बजे से नागरिकों की समस्याओं पर होगी सुनवाई



कटनी (स्वतंत्रमत)

शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से महापौर जनसुनवाई का क्रम निरंतर जारी है, जो आम नागरिकों और नगर निगम प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। इसी क्रम में 24 मार्च, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। महापौर जनसुनवाई के दौरान शहर के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर प्रीति संजीव सूरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे। महापौर ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम प्रशासन आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि शहरवासियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सड़क, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण सहित नगर निगम से जुड़े विभिन्न मामलों पर आवेदन प्राप्त किए जाते हैं। जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की जाती है।

# पत्रकारिता की गरिमा बचाने कटनी में पत्रकार एकजुट

## आपराधिक तत्वों पर सख्ती की मांग प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन



कटनी (स्वतंत्रमत)

पत्रकारिता जैसे समाज के चौथे स्तम्भ की गरिमा और विश्वसनीयता को बनाए रखने के उद्देश्य से कटनी जिले के पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक पत्रकार भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिले की पत्रकारिता में बढ़ती अव्यवस्थाओं, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की घुसपैठ तथा ब्लैकमेलिंग जैसी गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारीपूर्ण और जनसेवा से जुड़ा कार्य है। समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पत्रकारिता को स्वच्छ और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक में पत्रकारिता के क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक और अवांछित तत्वों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और उन्हें बाहर करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि जिले में सक्रिय सभी पत्रकारों का पुलिस सत्यापन पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य कराया जाए। इसके लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। पत्रकारों का मानना है कि इससे फर्जी और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग जो पत्रकारिता की आड़ में गलत गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, उन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। इस दौरान पत्रकारों ने यह भी कहा कि जिले में कुछ लोग पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग और अन्य अनुचित कार्यों में लिप्त हैं, जिससे न केवल इस पेशे की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि शहर की छवि भी धूमिल हो रही है। व्यापारी वर्ग, समाजसेवियों और विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा भी इस पर असंतोष जताया जा चुका है। बैठक में पत्रकार हितों की रक्षा और पत्रकारिता की साख बनाए रखने के लिए 11 सदस्यीय टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। यह टीम जिले के पत्रकारों के लिए आवश्यक अनुशंसाएं जारी करने के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगी और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करेगी। वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में यह भी निर्णय लिया गया कि कटनी जिले में पत्रकारिता के नाम पर हो रही घुसपैठ और अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। सभी ने एकजुट होकर साफ संदेश दिया कि पत्रकारिता की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक के अंत में यह तय किया गया कि जल्द ही जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इन मांगों पर त्वरित कार्रवाई की अपील की जाएगी, ताकि पत्रकारिता को स्वच्छ, निष्पक्ष और जनहितैषी बनाया जा सके।

# दीवारों पर लिखे संदेश दिलों में जगी जागरूकता

## कलेहरा में प्लास्टिक मुक्त ग्राम का संकल्प




कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ जब बदलाव की शुरुआत होती है तो वह अक्सर छोटे छोटे प्रयासों से ही जन्म लेती है। ग्राम कलेहरा में भी एक ऐसा ही भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जहां दीवारों पर लिखे शब्द सिर्फ रंग नहीं बल्कि जागरूकता की आवाज बनकर उभरे। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड विजयराघवगढ़ के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा ग्राम कलेहरा को सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। गांव की दीवारों पर उकेरे गए संदेश जैसे कपड़े के थैले अपनाएं पॉलिथीन मुक्त गांव बनाएं हम सबका एक ही नारा प्लास्टिक मुक्त हो गांव हमारा सिर्फ नारे नहीं रहे, बल्कि हर ग्रामीण के दिल तक पहुंचने वाली प्रेरणा बन गए। संस्था के सदस्यों ने बड़े ही सरल और संवेदनशील तरीके से ग्रामीणों को बताया कि प्लास्टिक किस तरह धीरे-धीरे हमारे पर्यावरण जल स्त्रोतों और जीवन को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने यह भी समझाया कि कई बार पशु पॉलिथीन को भोजन समझकर खा लेते हैं जिससे उनकी जान तक चली जाती है यह बात सुनकर ग्रामीणों के मन में एक गहरी पीड़ा और जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई। अभियान के दौरान केवल जानकारी ही नहीं दी गई बल्कि ग्रामीणों को एक नई सोच और दिशा भी दी गई। सभी को कपड़े के थैले अपनाने और अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे अपने गांव को स्वच्छ सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए स्वयं भी प्रयास करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में राहत समर्पण सेवा समिति के विकास निदेशक चंद्रभान पाल विक्रम यादव सौरभ साहू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर एक स्वर में यह संकल्प लिया कि कलेहरा को एक आदर्श स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति सजग गांव बनाया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं बल्कि एक सतत प्रयास है जो गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। अंत में यही संदेश गूंजता रहा प्रकृति हमें जीवन देती है अब हमारी जिम्मेदारी है उसे संजोने की।

# नवरात्र पर गूंजी भक्ति की स्वर लहरियां

### कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी ने किया श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान का आयोजन




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समाज सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम रविवार 22 मार्च को देखने को मिला, जब कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संत नगर स्थित आई फिट स्पोर्ट्स टर्फ में भव्य श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान का सफल आयोजन किया गया। सायं 4 बजे से प्रारंभ होकर 7 बजे तक चले इस पावन अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालु एकत्रित होकर श्री राम भक्त हनुमान जी की आराधना में लीन हो गए। एक साथ गूंजती हनुमान चालीसा की चौपाइयों, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं पवनपुत्र हनुमान की कृपा वहां उपस्थित प्रत्येक भक्त पर बरस रही हो। श्री बजरंग बाल रामायण समाज, कटनी द्वारा प्रस्तुत संगीतमय वाणी सेवा ने आयोजन को और भी दिव्यता प्रदान की। भक्ति गीतों और चालीसा पाठ के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए, वहीं कई भक्त ध्यान और आराधना में लीन दिखाई दिए। आयोजन के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और एकता का संदेश भी प्रसारित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। भक्ति संगीत और चालीसा पाठ ने कार्यक्रम को और अधिक दिव्य बना दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष टीनू सचदेवा, महिला विंग अध्यक्ष मंजू शर्मा सहित रौनक खंडेलवाल, दयाल पोपटनी, अखिलेश पुरवार, लव सचदेवा एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा भाव, एकता और रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

# नारी शक्ति का महाआविष्कार शौर्य प्रदर्शन 2026 बना प्रेरणा का स्त्रोत

## हाथों में तलवार, आंखों में आत्मविश्वास बेटियों ने दिखाया साहस का विराट रूप हर दिल में जगा गर्व और सम्मान






कटनी (स्वतंत्रमत)

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नव परिवर्तन प्रकाश फाउंडेशन द्वारा आयोजित शौर्य प्रदर्शन 2026 कार्यक्रम शहर में नारी शक्ति के अद्वितीय उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। साधुराम स्कूल, सुभाष चौक में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं ने अपने साहस, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा कौशल का शानदार प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागी बेटियों ने तलवार संचालन, दंड (लाठी) संचालन, कराटे, सेल्फ डिफेंस एवं आधुनिक आत्मरक्षा तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। तलवार से मुकाबला (फाइटिंग डेमो) और साहसिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन की खास बात यह रही कि प्रतिभागी युवतियों ने 17 दिवसीय कठोर प्रशिक्षण के बाद मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जो नारी शक्ति के आत्मबल, अनुशासन और संघर्षशीलता का जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि महिलाएं किसी भी परिस्थिति में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम हैं। मुख्य अतिथि विजयराघवगढ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, अनुकृति पाठक एवं यश पाठक सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# अनाहत सिंह और अभय सिंह ने जीते इंडियन ओपन स्क्वैश के खिताब

मुंबई, (वार्ता)

शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट का अपना महिला खिताब बरकरार रखा, जबकि अभय सिंह ने पुरुष वर्ग के चैंपियन बने। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में स्क्वैश रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत सिंह ने मिस्र की दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी हाना मोअताज़ को 3-1 (11-5, 11-6, 9-11, 11-6) से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा।



### तीसरे गेम में मैं थोड़ी भटक गई थी

खिताब जीतने के बाद अनाहत ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने पहले दो गेम में अच्छा खेला; तीसरे गेम में मैं थोड़ी भटक गई थी। मैं इस बात से उत्साहित थी कि मैं जीत रही हूं। लेकिन जब गेम के बीच में मेरे कोच मेरे पास आए, तो मैंने उनसे बात की, और उन्होंने मुझसे अच्छी शुरुआत करने पर ध्यान देने को कहा, क्योंकि यह जरूरी था कि गेम पांचवें सेट तक न जाए। मैंने चौथे सेट की शुरुआत अच्छी की, और मुझे खुशी है कि मैं इसे जीत पाई।

### मैं खुद से कहती हूं कि फोकस करो

उन्होंने कहा, मैं खुद से कहती हूं कि फोकस करो, क्योंकि मेरा फोकस बहुत आसानी से हट जाता है। अगर मैं लगातार दो पॉइंट हार जाती हूं, तो मैं खुद को याद दिलाती हूं कि मोटिवेटेड रहो, अगले कुछ पॉइंट पर फोकस करो और गेम में वापस आ जाओ। मुझे लगता है कि हाना ने जिस तरह से खेला, वह सच में कमाल का था। पिछले हफ्ते उसकी तबीयत ठीक नहीं थी, कल एक घंटे के कड़े मैच के बाद वह फाइनल में पहुंची, और फिर भी मैदान पर उतरकर उसने इतना शानदार प्रदर्शन किया। यह देखना सच में कमाल का था। यह अनाहत की लगातार दूसरी इंडियन ओपन जीत थी; पिछले साल के फ़ाइनल में उसने हॉन्ग कॉन्ग, चीन की हेलेन टैंग को हराया था। यह 16वां पीएसए खिताब भी था।

### यह अभय सिंह की पहली जीत

इस बीच, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने अपने ही देश के वीर चोत्रानी को 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से हराकर पुरुषों का फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वीर चोत्रानी के खिलाफ दो मैचों में यह अभय सिंह की पहली जीत थी; इससे पहले, पिछले साल ओपन स्क्वैश क्लासिक में इन दोनों के बीच हुए एकमात्र मैच में अभय को हार का सामना करना पड़ा था।

### मेरा लक्ष्य लॉस एंजिलिस ओलंपिक है

मैच के बाद अभय ने कहा, मैं यह टूर्नामेंट जीतकर सच में बहुत खुश हूं। इस समय भारतीय स्क्वैश की स्थिति बहुत अच्छी है। जाहिर है, व्यक्तिगत तौर पर मेरा लक्ष्य लॉस एंजिलिस ओलंपिक है, लेकिन हम सभी के लिए आगे एक बहुत बड़ा साल आने वाला है। भले ही हम टूर पर एक-दूसरे के खिलाफ़ मुक़ाबला कर रहे हों, लेकिन यह साल एक-साथ मिलकर आगे बढ़ने, एक-दूसरे को प्रेरित करने और जापान में होने वाले एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने के लिए एक-दूसरे का साथ देने का भी है।

# अरुंधति रेड्डी को फरवरी माह का महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार मिला



दुबई (वार्ता)

भारत की स्टार क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी महीने के आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के पुरस्कार से नवाजा गया है।अरुंधति को यह पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया है।

यह मासिक पुरस्कार रेड्डी के अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला पुरस्कार है। तेज गेंदबाज अरुंधति ने इस सम्मान पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, च्आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है, और यह और भी खास इसलिए है क्योंकि मुझे ऑस्ट्रेलिया में टी-20 सीरीज जीतने में योगदान देने का मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी आसान नहीं होता, और इसी वजह से यह पुरस्कार मेरे लिए और भी ज़्यादा मायने रखता है।

अइस सीरीज़ जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है, क्योंकि हम इस गर्मी में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम काफी संतुलित है। और मुझे पूरा यकीन है कि हम इस टूर्नामेंट में एक ऐसी टीम साबित होंगे जिस पर सबकी नज़रें टिकी होंगी।

## राजस्थान ने शनाका को टीम में किया शामिल

**जयपुर, (वार्ता)।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए चोटिल सैम करन की जगह दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका के दासुन शनाका दो करोड़ रुपये में आरआर में शामिल किया गया है। दासुन शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 एकदिवसीय और 131 टी-30 मैच खेले हैं और उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3350 से ज़्यादा रन और 86 विकेट दर्ज हैं। इस श्रीलंकाई ऑलराउंडर ने इससे पहले आईपीएल में गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए खेला है।






# अलेक्जेंडर ओवेचकिन ने आईस हॉकी में अपना एक 1000वां गोल दागा

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** वॉशिंगटन कैपिटल्स के अलेक्जेंडर ओवेचकिन रविवार को एनएचएल के रेगुलर सीजन और प्लेऑफ, दोनों को मिलाकर एक हजार गोल करने वाले दूसरे पुरुष आइस हॉकी खिलाड़ी बन गए। 40 साल के इस खिलाड़ी ने लीग में सबसे आगे चल रही टीम, कोलोराडो एवलांच के खिलाफ मैच के तय समय में 5:43 मिनट बाकी रहते हुए, एक पावर प्ले के दौरान यह ऐतिहासिक गोल किया। लेकिन इसके बावजूद वॉशिंगटन अतिरिक्त समय में 3-2 से हार गया। यह इस सीजन में ओवेचकिन का 26वां रेगुलर-सीजन गोल था और उनके करियर का कुल 923वां गोल था, जिससे उनका रिकॉर्ड और भी मजबूत हो गया। यह उपलब्धि उस समय के लगभग एक साल बाद हासिल हुई है, जब इस महान आइस हॉकी खिलाड़ी ने एनएचएल के इतिहास में सबसे ज़्यादा गोल करने के मामले में वेन ग्रेट्स्की को पीछे छोड़ दिया था। तीन बार के ओलंपियन ओवेचकिन अब ग्रेट्स्की के कुल एनएचएल गोलों के रिकॉर्ड के और भी करीब पहुंच गए हैं। इस महान कनाडाई खिलाड़ी ने अपने करियर का समापन कुल 1,016 एनएचएल गोलों के साथ किया था जिनमें से 894 गोल रेगुलर सीजन में और 122 गोल प्लेऑफ में किए गए थे। प्लेऑफ में किए गए गोलों का यह रिकॉर्ड आज भी ग्रेट्स्की के नाम पर ही दर्ज है।

## बड़ी गिरावट से उबरकर स्थिर बंद हुआ रुपया

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सोमवार को रुपये में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और पहली बार 94 रुपये प्रति डॉलर से ज्यादा टूटने के बाद यह लगभग स्थिर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर 64.50 पैसे टूटकर 93.5350 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा आज 31.25 पैसे और गिरकर 93.8475 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। शाम चार बजे के आसपास यह 94.1125 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गयी थी, लेकिन इसके बाद रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से हस्तक्षेप किया। अचानक डॉलर की बिकवाली बढ़ने से भारतीय मुद्रा तेजी से 93.37 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। अंत में यह 0.50 पैसे की बढ़त में 93.53 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई। भारतीय मुद्रा पहली बार 94 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। बीच कारोबार में 94.1125 रुपये प्रति डॉलर इसका अबतक का सबसे निचला स्तर है। भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल रहने और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में तेजी से रुपये पर दबाव रहा।

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका मियामी ओपन के अंतिम 16 में



फ्लोरिडा (अमेरिका)

(वार्ता)। बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की कैटी मैकनैली को सीधे सेटों में हराकर मियामी ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली हैं।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका का लक्ष्य एक ही वर्ष में इंडियन वेल्स और मियामी, दोनों खिताब जीतने वाली केवल पांचवीं महिला खिलाड़ी बनना है। बेलारूस की सबालेंका ने अमेरिकी खिलाड़ी मैकनैली पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए अपनी जीत का सिलसिला लगातार आठ मैचों तक बढ़ा दिया। डिफेंडिंग चैंपियन का मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। झेंग ने अमेरिकी 15वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मैडिसन कीज को हराकर जुलाई में कोहनी की सर्जरी के बाद पहली बार किसी शीर्ष-20 खिलाड़ी पर जीत दर्ज की।

सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग के साथ अपने आठ मुकाबलों में से सात में जीत हासिल की है। तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना ने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 6-3, 6-4 से हराकर आसानी से अंतिम 16 में जगह बनाई। कजाकिस्तान की रायबाकिना का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर तालिया गिब्सन से होगा, जिन्होंने 18वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविक को 6-2, 6-2 से हराकर एक और वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। गिब्सन ने मियामी में दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर एक नाओमी ओसाका को हराया था। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला, जो पिछले साल सबालेंका के हाथों उपविजेता रही थीं, को कनाडा की लेलाह फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से हराने में केवल एक घंटा और छह मिनट का समय लगा। लातविया की येलेना ओस्तापेंको ने जोरदार वापसी करते हुए इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी पर 5-7, 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। ओस्तापेंको का अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी और विश्व की 45वीं वरीयता प्राप्त हेली बैपटिस्ट से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-3, 7-5 से हराया था।

# कोर्डा ने अल्काराज़ को मियामी ओपन से बाहर किया



**फ्लोरिडा (अमेरिका)(वार्ता)।** अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने तीसरे दौर के मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को मियामी ओपन से बाहर कर दिया। दो घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में स्पेन के दिग्गज अल्काराज को दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी कोर्डा से 6-3, 5-7, 6-4 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ कोर्डा टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बना ली है। शीर्ष वरीयत्ता प्राप्त अल्काराज ने पहले सेट में ढीला खेल दिखाया, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को शुरुआती बढ़त मिल गई, लेकिन दूसरे सेट में ऐसा लगा कि कोर्डा ने अपना मौका गंवा दिया है। कोर्डा ने 5-4 के स्कोर पर मैच के लिए सर्व किया, लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी ने उनकी सर्विस तोड़ दी और अगले दो गेम जीतकर मैच को तीसरे सेट तक खींच लिया। अल्काराज ने अपना खेल तेज़ किया, लेकिन कोर्डा ने अपना संयम बनाए रखा और तीसरे सेट में 4-3 से बढ़त बना ली, जब उनके विरोधी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया। कोर्डा ने आत्मविश्वास के साथ अपनी अगली दो सर्विस गेम जीतीं और मैच अपने नाम कर लिया - अल्काराज के रिटर्न शॉट के बाहर जाने पर उन्होंने अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत पक्की कर ली।

# कोहली ने आईपीएल के 18 साल के सफर को किया याद

**बेंगलुरु (वार्ता)।** भारतीय स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लंबे इंतजार के बाद मिले पहले खिताब की जीत के उस भावुक पल को बयां करते हुए कहा कि आखिरी गेंदों का इंतजार उस रात का सबसे मुश्किल हिस्सा था।



कोहली ने उन पलों का याद करते हुए कहा, पिछले 18 सालों का पूरा सफर मेरी आंखों के सामने घूम रहा है। उन्होंने कहा कुल मिलाकर, यह हम सभी के लिए एक शानदार रात थी। सच कहूं तो, यह मेरे लिए काफी अवास्तविक था, जब आखिर में सब कुछ हो रहा था तो यह अविश्वसनीय लग रहा था। आंखों के सामने बहुत सी चीजें घूम गईं। पिछले 18 सालों का पूरा सफर। सारे उतार-चढ़ाव, सारे अच्छे पल, बुरे पल। उन्होंने कहा कि आखिरी कुछ गेंदों का इंतजार करना शायद उस रात का सबसे मुश्किल हिस्सा था। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस बात पर बल दिया कि यह जीत उन लोगों के लिए खास मायने रखती थी जो आरसीबी टीम का हिस्सा शुरू से ही रहे हैं।

उन्होंने रमेश माने जैसे सपोर्ट स्टाफ सदस्यों के साथ फ्रैंचाइजी के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। आरसीबी में हम सभी के लिए यह एक बहुत ही खास रात थी। मैं पहले दिन से ही यहां हूं और रमेश माने भी।

## कच्चे तेल में गिरावट

**नयी दिल्ली (वार्ता)** अमेरिका के ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर हमले टालने की घोषणा से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल में नरमी रही।लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा आठ प्रतिशत गिरकर 103.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अप्रैल का अमेरिकी क्रूड का वायदा भी सात प्रतिशत की अधिक फिसलकर 91 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गयी समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले ईरान के परमाणु संयंत्रों पर और पांच दिन हमला न करने की घोषणा की। इससे कच्चा तेल आज आठ प्रतिशत टूट गया।

# चावल मजबूत-गेहूं, चीनी, तेलों में नरमी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी। वहीं, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में गिरावट रही। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 46 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,806 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 14 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। उड़द दाल औसतन 70 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल में 32 रुपये की नरमी रही। मसूर दाल की कीमत 40 रुपये और तुअर दाल की 16 रुपये बढ़ गयी। चना दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.47 प्रतिशत की नरमी के साथ 65.18 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 298 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। सूरजमुखी तेल 176 रुपये और वनस्पति 83 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 70 रुपये और सरसों तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 47 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। वहीं, चीनी नौ रुपये सस्ती हुई।दाल चना 7723.35 रुपये, मसूर काली 8086.12 रुपये, मूंग दाल 10160.46 रुपये, उड़द दाल 10785.19 रुपये, तुअर दाल 11257.45 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2806.49 रुपये और चावल 3852.70 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3279.71 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को स्थिर बने रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गयी है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.54 रुपये, चेन्नई में 100.84 रुपये और कोलकाता में 105.45 रुपये प्रति लीटर है।

# पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को एक बार फिर पश्चिम एशिया संकट का साया हावी रहा और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर पर आ गया। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों और रुपये में जारी गिरावट के बीच सेंसेक्स 1,836.57 अंक (2.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 04 जून 2024 के बाद के निचले स्तर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 601.85 अंक यानी 2.60 प्रतिशत को गोता लगाकर 22,512.65 अंक पर रहा जो 07 अप्रैल 2025 के बाद का निचला स्तर है। पश्चिम एशिया संकट से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट रही। साथ ही रुपये के पहली बार 94 प्रति डॉलर तक कमजोर पड़ने से निवेश धारणा कमजोर हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों पर और अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 3.67 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.94 प्रतिशत गिर गया। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स 17 के पार रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह का सूचकांक पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। धातु, रियलटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में भी चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, मीडिया, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत लगभग सभी प्रमुख सेक्टरों पर काफी दबाव रहा। आईटी समूह का सूचकांक सबसे कम 0.18 प्रतिशत गिरा। एनएसई में जिन 3,420 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 3,008 के शेयरों में गिरावट रही जबकि 332 के शेयर बढ़त में बंद हुए। अन्य 82 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर 6.24 प्रतिशत लुढ़क गया। ट्रेंट में 5.90 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 5.20, बीईएल में 4.85, इंडिगो में 4.85, टाटा स्टील में 4.80, एचडीएफसी बैंक में 4.70, अडानी पोर्ट्स में 4.49, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.55, एशियन पेंट्स में 3.41 और आईटीसी में 3.17 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 2.89 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.79, भारती एयरटेल का 2.72, एलएंडटी का 2.70, भारतीय स्टेट बैंक का 2.52, इटरनल का 2.30, बजाज फाइनेंस का 2.23, एनटीपीसी का 2.17 और बजाज फिनसर्व का 2.12 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। मारुति सुजुकी का शेयर 1.97 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक का 1.84, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.43 और सनफार्मा का 1.19 प्रतिशत फिसल गया।



रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस के शेयर भी टूट गये। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.83 प्रतिशत, पावरग्रिड में 1.39 और इंफोसिस में 0.28 प्रतिशत की तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 3.63 प्रतिशत, और जापान का निक्केई 3.48 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ।

### शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 14.23 लाख करोड़

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को रही भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज कुल बाजार पूंजीकरण 14,23,396 करोड़ रुपये घटकर 4,14,52,902 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल 15 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है।

# हमने जो कहा, पूरा करके दिखाया : डॉ. यादव

## आगर मालवा में 200 करोड़ रुपए के 2 कामों की मंजूरी के लिए माना आभार



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारी धरोहर हैं। ये अन्नदाता ही देश के भाग्य विधाता हैं। सरकार प्रदेश के किसानों की समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है। अन्नदाताओं को मजबूत करने के लिए ही हम 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसमें सरकार का पूरा फोकस खेती को आधुनिक तकनीक, नवाचार और मूल्य संवर्धन से जोड़ने पर है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल उत्पादन के साथ गौपालन, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं कृषि आधारित उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया था, वह पूरा करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### नयी सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान एवं नयी सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आगर-मालवा जिले के लिए 167.21 करोड़ रुपए लागत की आहू मध्यम सिंचाई परियोजना और 24.88 करोड़ रुपए की लागत से हड़ाई तालाब निर्माण को मंजूरी दी गई। करीब 200 करोड़ रुपए की इन दोनों योजनाओं से आगर-मालवा जिले के खेतों तक पानी पहुंचेगा और 4800 हैक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। आगर-मालवा जिले को यह दो सौगातें मिलने पर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर आगर-मालवा जिले के बड़ोद क्षेत्र के कुछ गांवों के अटपटे से नाम बदलने का आश्वासन किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द वे स्वयं आगर-मालवा आएंगे और किसानों के बीच जाकर उनसे संवाद करेंगे।

### आगर-मालवा के विकास को नए पंख लगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बाद आगर-मालवा को विकास को नए पंख लगे हैं। अब राजस्थान के झालावाड़ से नया हाई-वे भी सीधे उज्जैन के बाबा महाकाल और नलखेड़ा की मां बगुलामुखी धाम को जोड़ेगा। इससे धार्मिक पर्यटन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और माल परिवहन में लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने उद्यानिकी फलदार पौधों के मूल्यांकन एवं मुआवजा राशि में वृद्धि कर दी है। इसके तहत हमने आगर-मालवा जिले के मशहूर ओडीओपी उत्पाद संतरे की फसल के लिए पूर्व निर्धारित दर 4500 प्रति वृक्ष को बढ़ाकर 17,500 प्रति वृक्ष कर दिया गया है। यह जिले के संतरा उत्पादक किसानों के लिए बड़ी सौगात है।

### प्रदेश का कोना-कोना सिंचाई सुविधाओं से लैस

आगर-मालवा विधायक मधु गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का कोना-कोना सिंचाई सुविधाओं से लैस हो रहा है और आगर मालवा जिला भी इससे अछूता नहीं है। कृषि कल्याण वर्ष में जिले के किसानों की समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 200 करोड़ लागत की सिंचाई परियोजना और तालाब विकास कार्यों को मंजूर किया है।

उन्होंने औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए निवेशकों को आगर मालवा से ईकाई प्रारंभ करने के लिए आकर्षित किया है। अब जिले में फूड चेन मकेन कंपनी की स्थापना से यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।



# यूपीएससी की सफलता में प्रदेश की बढ़ती उपस्थिति गौरव का विषय

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूपीएससी-2025 में चयनित अभ्यर्थियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया संवाद

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की सफलता में मध्यप्रदेश की बढ़ती उपस्थिति हम सबके लिए गौरव का विषय है। प्रदेश की माटी से 61 सिलेक्शन बदलते मध्यप्रदेश की तस्वीर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी-2025 की परीक्षा में चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके संकल्प और सामर्थ्य का सम्मान है। चयनित अभ?यर्थी वर्ष-2047 के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार हैं। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा, तब आप प्रशासन के शिखर पर होंगे। आपका एक-एक निर्णय, एक-एक नवाचार, विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की नीव रखेगा। नियति ने आप सबको महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना है। सफलता अपने साथ दायित्व लेकर आती है। आपके कंधों पर मध्यप्रदेश के करोड़ों नागरिकों के कल्याण और विकास का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संघ लोक सेवा आयोग 2025 में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद और उनके सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चयनित अभ्यर्थियों पर केंद्रित मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम पुस्तिका के डिजिटल वर्जन का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण किया। चयनित अभ्यर्थियों पर केंद्रित लघु फिल्म का इस अवसर पर प्रदर्शन भी किया गया। अभ्यर्थियों का चिंतनशील, संवेदनशील और परिश्रमी होना उन्हें सफल बनाने के साथ-साथ प्रदेश की प्रगति का स्तंभ बनेगा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चयनित युवाओं के लिए दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में प्रशासनिक सेवा में आना सौभाग्यशाली अवसर है।

# धार जिले में सात घंटे में पांच सड़क दुर्घटनाएं

## भाजपा नेता सहित चार की मौत




धार (वार्ता)। मध्यप्रदेश के धार जिले में रविवार देर रात महज सात घंटे के भीतर पांच अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में भाजपा नेता सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस सभी मामलों की जांच में जुटी है। पहली घटना धामनोद थाना क्षेत्र के ग्राम दूधी रपट पर हुई, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। दूसरी घटना औद्योगिक नगरी पीथमपुर में महू-नीमच मार्ग पर हुई, जहां एक अनियंत्रित आयशर वाहन सड़क किनारे स्थित पान की गुमटी में जा घुसा। गनीमत रही कि हादसे के समय गुमटी में कोई मौजूद नहीं था। चालक केबिन में फंस गया था, जिसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। तीसरी घटना बदनावर के पेटलावद मार्ग पर हुई, जहां एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार विक्रम भील (55) को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में उतरेंगे मप्र के 111 खिलाड़ी

भोपाल (वार्ता) देश में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश के 111 जनजातीय खिलाड़ी 21 सहयोगी सदस्यों के साथ भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में आयोजित होगी।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह आयोजन जनजातीय खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती सहित कुल सात खेलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एथलेटिक्स प्रतियोगिता 30 मार्च से 2 अप्रैल तक जगदलपुर में, तीरंदाजी 30 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर में आयोजित होगी। फुटबॉल मुकाबले 25 मार्च से 3 अप्रैल तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में होंगे। हॉकी प्रतियोगिता 26 मार्च से 1 अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में, तैराकी 25 से 28 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल में और भारोत्तोलन 26 से 29 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जबकि कुश्ती स्पर्धा 28 से 31 मार्च तक सरगुजा में संपन्न होगी। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

इसके माध्यम से सामाजिक समावेशन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश का दल पूरी तैयारी और उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले रहा है।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में गाइड लाइन 2026-27 पर मंथन

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कलेक्टर गाइड लाइन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए, जबकि विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों और आमजन से प्राप्त सुझावों पर विचार-विमर्श करते हुए गाइड लाइन के प्रारूप में आवश्यक संशोधन किए गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रस्तावित गाइड लाइन में कुल 2177 कंडिकाएं शामिल हैं, जिनमें से लगभग 66 प्रतिशत में किसी प्रकार की वृद्धि प्रस्तावित नहीं की गई है, जबकि करीब 740 कंडिकाओं में दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। बैठक में प्राप्त 63 सुझावों पर चर्चा की गई, जिनमें से 4 को पूर्ण रूप से स्वीकार, 34 को आंशिक रूप से स्वीकार तथा 22 को अमान्य किया गया। तीन सुझावों को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने का निर्णय लिया गया। औद्योगिक क्षेत्रों की दरों को उनकी वास्तविक स्थिति के अनुरूप रखते हुए मुख्य मार्गों और आंतरिक क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दरें तय करने के निर्देशों के आधार पर संशोधन किए गए। साथ ही नवीन कॉलोनियों को गाइड लाइन में शामिल करने और ग्रामीण क्षेत्रों की दरों को पृथक रूप से निर्धारित करने पर भी निर्णय लिया गया। भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा रक्षा विहार और ऐरो सिटी परियोजनाओं की दरों में आंशिक संशोधन के प्रस्ताव को भी समिति ने स्वीकृति प्रदान की।

# नाबालिग का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

बैतूल (वार्ता)। मध्यप्रदेश में बैतूल जिले के मुलताई थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 22 मार्च को नाबालिग पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम मोरगोंदी निवासी अर्जुन खापरे ने उसके नहाते समय का वीडियो बनाकर वायरल किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 77, 78(2), 351(3), आईटी एक्ट की धारा 66(ई), 67(ए) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं 11, 12, 13 और 14 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। मुखबिर की सूचना पर दुनावा बस स्टैंड क्षेत्र में आरोपी की लोकेशन मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अर्जुन खापरे (22) को न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी की निजता का उल्लंघन करना गंभीर अपराध है, विशेषकर महिलाओं और नाबालिगों से संबंधित अश्लील सामग्री का निर्माण और प्रसारण कानूनन दंडनीय है।

# नगर निगम उपायुक्त पर अर्थदंड

मुरैना (वार्ता) मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर नगर निगम के उपायुक्त संजय कुमार जैन पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने अर्थदंड लगाया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार उपायुक्त द्वारा चार आवेदकों को निर्धारित समय में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसके चलते कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 07(3) के अंतर्गत कुल 1500 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई में 20 गैस सिलेंडर जब्त

धार (वार्ता)। मध्यप्रदेश में धार जिले के मनावर में खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक मकान से 20 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इनमें 19 घरेलू और एक व्यावसायिक सिलेंडर शामिल है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार गांधी नगर क्षेत्र स्थित दिनेश शर्मा के मकान पर दबिश देकर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान उपभोक्ताओं की कनेक्शन डायरी और एक तोलकांटा भी बरामद किया गया। जब्त सिलेंडरों में इंडेन और भारत गैस कंपनियों के सिलेंडर शामिल हैं, हालांकि सभी सिलेंडर भरे हुए नहीं पाए गए।



सहायक खाद्य अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि मनावर में प्रतिदिन लगभग 400 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति होती है, इसके बावजूद उपभोक्ताओं को गैस के लिए लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत के आधार पर विभाग ने यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सिलेंडरों को मनावर दरबार इंडेन कंपनी की सुपुर्दगी में दिया गया है और मामले में आगे जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी नीलेश जाधव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सार्थक ऐप पर लगेगी छात्रों की उपस्थिति : मंत्री परमार

## सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी (नूतन) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ



भोपाल (स्वतंत्र मत)। वार्षिक स्नेह सम्मेलन, हर संस्थान में विद्यार्थियों के वर्ष भर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के सार्वजनिक प्रकटीकरण का सशक्त मंच है और महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के प्रदर्शन का भी यह सुअवसर है। प्रदेश के समस्त महाविद्यालय बेहतर हों, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं और महाविद्यालयों में आवश्यक शैक्षणिक पदों की पूर्ति प्रक्रिया प्रचलन में है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, सोमवार को भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी (नूतन) महाविद्यालय में, महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव - स्वयं प्रभा 2026 के शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री श्री परमार ने बेटियों को विविध महाविद्यालयीन गतिविधियों में प्रतिभागिता करने के लिए बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके हितों से जुड़े समस्त विषयों पर विस्तृत कार्य हो रहा है। श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में, संस्थानों की स्वायत्तता को लेकर भी लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा में प्रदेश, देश भर में अग्रणी भूमिका में स्थापित हो सके। श्री परमार ने कहा कि सार्थक ऐप के माध्यम से, प्राध्यापकों की संस्थान में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

इस अनुक्रम में विद्यार्थियों की संस्थान परिसर में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अगले सत्र से, सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी और विद्यार्थियों को अधिकतम उपस्थिति पर क्रेडिट भी दिया जाएगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि संस्थान पर परिवेश पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हो, यही हमारा मूल ध्येय है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि मूल्यांकन की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजिटल मूल्यांकन की कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि कृतज्ञता ही मानवता का वास्तविक आभूषण है। हम चाहे सफलता के किसी भी शिखर पर पहुँच जाएँ, अपनी माटी का ऋण और अपनों के साथ को कभी नहीं भूलना चाहिए। यही कृतज्ञता का भाव लोक-कल्याण की नींव रखता है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षा, विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास का मुख्य माध्यम है और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। मंत्री श्री परमार ने वर्तमान परिदृश्य में, शिक्षक-विद्यार्थी परंपरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# मुरैना में 25 करोड़ की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त

मुरैना (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सबलगढ़ अनुभाग में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हाउसिंग बोर्ड के लिए आरक्षित लगभग 25 करोड़ रुपए मूल्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर एसडीएम सबलगढ़ मेघा तिवारी के नेतृत्व में ग्राम देवपुर पूछरी स्थित सर्वे क्रमांक 245, रकबा 2.64 हेक्टेयर भूमि पर यह कार्रवाई की गई। यह भूमि मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड (ग्रामीण आवास) एवं अधोसंरचना विकास मंडल के लिए आरक्षित थी। राजस्व एवं पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की मदद से भूमि पर किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक- का. से./2025-26/040 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक- 13.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-4 वार्ड क्रमांक-10 (गुप्तेश्वर वार्ड) अंतर्गत मौजा महानदी नं.ब. 663 प.ह.नं. 6 खसरा नं. 76/2/1 कुल रकवा 0.186 हेक्टेयर (1860.00 वर्गमीटर) भूमि पर बहुमंजिला आवासीय भवन(PRAGATI HEIGHTS IV) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स प्रगति बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स पार्टनर श्री अरूण कुमार अग्रवाल पिता श्री बिशन बिहारी लाल अग्रवाल निवासी- शिवानी होम्स फेस-4, गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है- बंधक संपत्ति का विवरण- द्वितीयतल पर फ्लैट क्रमांक 201, 202, 203, 204, 212 कुल 5 नग BUA 226.87 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/भूखण्डों का क्रय विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कॉलोनी सेल कक्ष क्रमांक-5 में किया जा सकता है

प्रभारी कॉलोनी सेल-
नगर पालिक निगम जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मेरा नाम मोहित खत्री है मेरे पिताजी का नाम आधार कार्ड में अशोक कुमार खत्री एवं पेन कार्ड में भी अशोक कुमार खत्री लिखा है एवं मेरी 10वी की अंकसूची में ए.के. खत्री लिखा है, अतः अशोक कुमार खत्री एवं ए.के. खत्री को एक ही नाम माना जावें।

पुराना नाम- मोहित खत्री
पिता का पुराना नाम- ए.के. खत्री
नया नाम- मोहित खत्री
पिता का नया नाम- अशोक कुमार खत्री

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी 38 श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पति श्री ऋषि कुमार गुप्ता के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.03.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पति श्री ऋषि कुमार गुप्ता ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.03.2011 के माध्यम से श्री अरविंद झींगरन पिता श्री रामानन्द शर्मा एवं श्रीमती अनीता झींगरन पति श्री अरविंद झींगरन को विक्रय किया है। अतः श्री अरविंद झींगरन पिता श्री रामानन्द शर्मा एवं श्रीमती अनीता झींगरन पति श्री अरविंद झीगरन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी 37 श्रीमती तारा दुबे पति श्री एल. एन. दुबे एवं श्री एल. एन. दुबे पिता स्व. श्री आर. आर. दुबे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10.06.1994 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती तारा दुबे पति श्री एल. एन. दुबे एवं श्री एल. एन. दुबे पिता स्व. श्री आर. आर. दुबे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.06.2000 के माध्यम से श्री अरविंद झींगरन पिता श्री रामानन्द शर्मा को विक्रय किया है। अतः श्री अरविंद झींगरन पिता श्री रामानन्द शर्मा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 23/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र नामदेव पिता स्व. श्री परसराम नामदेव ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी के भवन क्रमांक मुख्य मार्ग पिपरिया संपत्ति के पिन क्रमांक 1000363650 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 192 व.फु कच्चा पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अभिषेक श्रीमती भूरी बाई नामदेव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# डायल-112 के टेंडर की लड़ाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सुलझाई

## मप्र में ईएमआई कंपनी के पास ही रहेगा 972 करोड़ का ठेका






जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में डायल 112 सेवा के ठेके को लेकर दायर याचिका पर सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सिकंदराबाद की ईएमआई (ग्रीन हेल्थ सर्विस) को दिया गया ठेका बरकरार रखते हुए टेंडर प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने की। बेंच ने राज्य सरकार की दलीलों को सही मानते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया कानून के अनुरूप है और ठेका वैध है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि टेंडर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तथ्यात्मक गड़बड़ी सामने नहीं आई है। ऐसे में याचिकाकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर ठेका रद्द नहीं किया जा सकता।

### बीवीजी कंपनी ने लगाए थे आरोप

इस मामले में बीवीजी इंडिया लिमिटेड ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि लगभग 972 करोड़ रुपए के इस टेंडर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठेका दिया गया है। साथ ही टेंडर की शर्तों और लागत को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। हालांकि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और नियमों के अनुरूप की गई है। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या फर्जीवाड़ा सामने नहीं आया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नई इमरजेंसी सेवा के लिए नए सर्विस प्रोवाइडर के चयन की प्रक्रिया अपनाई गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता कंपनी ने भी भाग लिया था। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि जिस कंपनी को ठेका दिया गया है, उसके सभी आवश्यक सर्टिफिकेशन वैध हैं और आरोप निराधार हैं।

### छोटे आधार पर नहीं किया जा सकता निरस्त

शासकीय अधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने हाईकोर्ट को बताया कि जिन दस्तावेजों को लेकर आपत्ति उठाई गई है, वे कुल प्रक्रिया का मात्र 5 प्रतिशत हिस्सा हैं। इतने छोटे आधार पर 972 करोड़ रुपए के बड़े ठेके को निरस्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता कंपनी ने स्वयं टेंडर में भाग लिया था और समान मूल्य की बोली लगाई थी, ऐसे में बाद में आपत्ति उठाना उचित नहीं है। फिलहाल, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मध्य प्रदेश में डायल 112 सेवा का संचालन ईएमआई कंपनी द्वारा जारी रहेगा।



# विदाई : विद्यार्थियों ने साझा की हितकारिणी महाविद्यालय देवताल से जुड़ी यादें

## तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढ़ा में बीए/ बीएससी/ बीकॉम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की कामना करता है।

### रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन

सभी छात्र-छात्राएं उन्नति करें और प्रगति के पथ पर आगे बढ़े छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गीत नृत्य एवं कविता पाठ के माध्यम से सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी। इस दौरान विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय वर्ष की विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मिस हितकारिणी एवं मिस्टर हितकारिणी चुने गए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ट्रेन में चुराया मोबाइल, फिर निकाल ली खाते से लाखों की रकम

## गाजियाबाद से आरोपी को पकड़ लाई जीआरपी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोरी के बाद ऑनलाइन ठगी करने वाले एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से 3 दिन पहले गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ट्रेन यात्रा के दौरान एक यात्री का मोबाइल चुराकर उसके बैंक खाते से 4.61 लाख रुपए निकाल लिए थे। इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि दिसंबर 2025 में शमीमुल्ला नामक यात्री ने शिकायत दर्ज कर बताया था कि सफर के दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया था। कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से ऑनलाइन लेनदेन के जरिए 4 लाख 61 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की। पुलिस टीम ने पीएसटीएन डेटा और सीडीआर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद गाजियाबाद में दबिश देकर तीन दिन पहले मुख्य आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से ठगी की गई रकम में से 95 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पूछताछ में एक अन्य आरोपी के भी इस ठगी में शामिल होने की जानकारी मिली है, जो फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दोषी अधिकारी पर हो सख्त से सख्त कार्यवाही

## फैक्ट्री कर्मी की मौत पर एकजुट हुए आयुध निर्माणियों के कर्मचारी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

व्हीकल फैक्ट्री में काम के दबाव के चलते कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने के विरोध में सोमवार को फैक्ट्री के दर्जनों कर्मचारियों द्वारा रांझी थाने में ज्ञापन दिया गया। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के संगठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता ने बताया कि काम के दबाव के चलते विभिन्न निर्माणियां जैसे आयुध निर्माणी भंडारा में लगभग 10 कर्मचारी आयुध निर्माणी खमरिया में दो कर्मचारी को अपने प्राण गंवाने पड़े । इसी प्रकार अन्य निर्माणियों में अवसाद के कारण कर्मचारियों की औसत आयु पर प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारी अल्प आयु में मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन से संबंधित सभी यूनियन ने यह निर्णय लिया है इस दुर्घटना की व्यापक एवं निष्पक्ष जांच कराया जाए और जांच में जो भी जिम्मेदार अधिकारी पाया जाता है उसके विरुद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। अन्यथा ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी पुलिस प्रशासन का होगा। इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे, जीसीएफ फैक्ट्री से रोहित यादव, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से राकेश दुबे, मनोज साहू, 506 से विकास यादव, भारत बेरिया आदि उपस्थित रहे।

## नो एंट्री में घुसने वाले बड़े वाहनों की खैर नहीं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान शुरू किया है। हाल ही में मिली शिकायतों के बाद कार्यवाही करते हुए पुलिस ने नो एंट्री क्षेत्र में घुसने वाले सात वाहनों को पकड़ा और उनके दस्तावेजों की जांच की। इस मामले में थाना प्रभारी उमेश गोहलानी ने बताया कि पकड़े गए वाहन मुख्य रूप से निर्माण सामग्री की आपूर्ति में लगे थे। जांच के दौरान सभी वाहनों के दस्तावेज वैध पाए गए, लेकिन नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करना स्वयं में यातायात नियमों का उल्लंघन है। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के उल्लंघन से सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए नियमों का सख्ती से पालन कराना जरूरी है। पुलिस के मुताबिक पहले भी इस तरह की कार्यवाही की गई थी, जिससे कुछ समय के लिए सुधार देखने को मिला था, लेकिन बाद में फिर से लापरवाही बढ़ गई। इसी को देखते हुए अब विभाग ने साफ किया है कि नो एंट्री में प्रवेश करने वाले हर वाहन पर जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने चेतावनी दी है कि इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# अपनी परेशानी लेकर पहुंची आदिवासी छात्राओं पर भड़क पड़े सहायक आयुक्त

## छात्राओं ने लगाए अपशब्द कहने के आरोप, बर्खास्त करने की मांग



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आदिवासी छात्रावास की दर्जनों छात्राओं द्वारा सहायक आयुक्त पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास राइट की छात्राएं अपनी विभिन्न प्रकार की परेशानियों को लेकर जब सहायक आयुक्त के पास पहुंची तो उनकी समस्याओं को सुनने की बजाए उलटा उन्हें अपशब्द कहे और छात्राओं पर ही कार्यवाही करने की बात कहने लगे। छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी अधीक्षिका द्वारा उन्हें लगातार अपशब्द कहे जाते हैं। उनके चरित्र को लेकर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है, खाद्य सामग्री में चूहे इत्यादि मिलते हैं और कुछ कहने पर क्षेत्र संयोजक रीता पटेल और सहायक आयुक्त से कहकर उनको छात्रावास से निकालने की धमकी दी जाती है।

छात्राओं ने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर जब वे सहायक आयुक्त सीके दुबे के पास पहुंची तो उन्हें सुनने की बजाए अधिकारी छात्राओं पर ही बरस पड़े और उन्हें नोटिस देने की बात करते हुए कहा कि यहां तमाशा करने आती हो। जिस वहां मौजूद छात्राओं ने गहरी आपत्ति दर्ज कराई। छात्राओं का कहना है कि जल्द ही अधीक्षक के साथ साथ ऐसे अधिकारियों को भी बर्खास्त करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## ओबीसी आरक्षणः हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को तलब की जानकारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के विवाद पर सोमवार को मप्र हाईकोर्ट ने अहम आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि 2 अप्रैल को सभी पक्ष अपने केस की जानकारी पेश करें। सभी पक्षों की जानकारी आने के बाद फाइनल सुनवाई होगी। आगामी 16 अप्रैल को फाइनल सुनवाई तय की गई है। अब एक बार फिर सुनवाई का केंद्र मप्र हाईकोर्ट बन गया है। सुप्रीम कोर्ट के 21 फरवरी 2026 के आदेश के बाद आरक्षण से जुड़ी सभी लंबित याचिकाएं वापस हाईकोर्ट को भेज दी गई हैं, जिन पर सुनवाई हुई है।लगभग 17 माह बाद मप्र हाईकोर्ट में इस महत्वपूर्ण मामले पर दोबारा बहस शुरू हुई है। इससे पहले सितंबर 2024 में ओबीसी आरक्षण से संबंधित कुल 10 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई थीं।




# नहीं मिलेगी दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनों की टिकिट, बड़े शटडाउन की तैयारी में रेलवे

## कार्यक्षमता और परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने 2 दिन बंद रहेगा पीआरएस सिस्टम







जबलपुर ( स्वतंत्र मत)

भारतीय रेलवे के दिल्ली पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम मेंटेनेंस के चलते 26 और 27 मार्च को लगभग पांच घंटे के लिए बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, पीआरएस प्रणाली की कार्यक्षमता और परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। इस शटडाउन का सीधा असर दिल्ली की ट्रेनों के आरक्षण सिस्टम पर पड़ेगा, जिससे जबलपुर सहित देश भर के सभी रेलवे रिजर्वेशन सेंटर प्रभावित होंगे। यात्रियों को इस दौरान होने वाली परेशानियों से बचने के लिए अपने यात्रा कार्यक्रम को पहले से ही व्यवस्थित करने की सलाह दी गई है।

### टिकटों से जुड़ी सभी चीजें रहेंगी बाधित

यह अस्थायी शटडाउन 26 मार्च की रात 11:45 बजे से शुरू होकर 27 मार्च की सुबह 4:45 बजे तक जारी रहेगा। इस पांच घंटे की अवधि के दौरान दिल्ली से शुरू होने वाली या वहां से गुजरने वाली ट्रेनों की ऑनलाइन बुकिंग पूरी तरह ठप्प रहेगी।

यात्री न तो नई टिकट बुक कर सकेंगे और न ही अपनी पुरानी टिकटों को रद्द करा पाएंगे। पीएनआर स्टेटस चेक करने और टिकटों से जुड़ी किसी भी प्रकार की पूछताछ पर रोक रहेगी। इस समयावधि में ट्रेनों के प्रस्थान के लिए चार्ट तैयार करने का काम भी नहीं हो सकेगा।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस डाउनटाइम को ध्यान में रखते हुए अपने टिकट से जुड़े जरूरी काम समय से पहले ही निपटा लें, ताकि यात्रिओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गाड़ी खड़ी करने की बात पर चले डंडे

**जबलपुर।** हनुमानताल थाने में कल्लू उर्फ मुईन मंसूरी निवासी बाबाटोलाए ठक्कर ग्राम ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह कबाड़ का काम करता है। दोपहर लगभग 1 बजे अपने साथी गुड्डू उर्फ नईम के साथ चाय पीने हड्डी गोदाम गया था। जहां दूकान के सामने कलाम नामक व्यक्ति के घर के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर दिया । कलाम ने उसे गाड़ी खड़ी करने से मना कियाए तब उसने कहा की सभी लोग अपनी गाड़ियां यहीं खड़ी करते हैं।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**